दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-32 अंक-59 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## बापू की बातें



विकारों को वश में करना मेरे अनुभव में बहुत ही कठिन तो है परंतु वहीं हमारा कर्तव्य है। इस कलिकाल में मैं राम नाम को बड़ी वस्तु समझता हूँ। मेरे अनुभव में ऐसे मित्र है जिनको राम नाम से बड़ी शांति मिली है। राम नाम का अर्थ ईश्वर का नाम है। द्वादश मंत्र भी वही फल देता है। जिस नाम का अभ्यास हो उसका स्मरण करना चाहिए।...साधनों में राजा राम नाम है।

(13.04.1925:घनश्यामदास बिड़ला को लिखे पत्र का अंश: सं.गां.वां. खंड 26 : पृष्ठ 496)

### विधानसभा चुनाव 2026

# पुडुचेरी में सबसे ज्यादा 89.08 असम में 85.04 प्रतिशत, केरलम में 77.38 प्रतिशत मतदान हुआ

## असम के पाथरकांडी में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई झड़प में 25 लोग घायल

नईदिल्ली (आरएनएस)। असम, केरलम और पुडुचेरी में आज विधानसभा चुनाव के लिए मतदान पूरा हो चुका है। चुनाव आयोग द्वारा जारी शाम 6 बजे तक के आंकड़ो के मुताबिक, असम में 85.04 प्रतिशत, केरलम में 77.38 प्रतिशत और पुडुचेरी में 89.08 प्रतिशत मतदान हुआ है। असम में 126 सीटों पर 722, केरलम की 140 सीटों पर 890 और पुडुचेरी की 30 सीटों पर 294 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला अब इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में कैद हो गया है।

असम के पाथरकांडी में भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच हुई झड़प में 25 लोग घायल हो गए हैं। घायलों में 2 की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पाथरकांडी से चुनाव लड़ रहे कार्तिक सेना सिन्हा रंगामती मतदान केंद्र में घुस गए और नकली मतदान के आरोप लगाए। इस दौरान पीठासीन अधिकारी की उनसे बहस हो गई और उन्होंने ईवीएम तोड़ दी।

पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगास्वामी मोटरसाइकिल पर सवार होकर मतदान के लिए पहुंचे। वे 2 सीटों- मंगलम और थट्टनचावडी से मैदान में हैं। पुडुचेरी में मतदान केंद्र पर रोबोट ने मतदाताओं का फूलों से स्वागत किया। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गुवाहाटी में कामाख्या मंदिर में पूजा की। उनके साथ उनकी पत्नी भी थीं। पुडुचेरी के मन्नादिपेट में पोलिंग बूथ पर कांग्रेस और भाजपा समर्थकों में झड़प हो गई। यहां



**असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा, उनकी पत्नी रिंकी भुइयां सरमा, बेटे नंदिल सरमा और बेटी सुकन्या सरमा गुवाहाटी में असम विधानसभा चुनाव के दौरान अपना वोट डालने के बाद अपनी उंगलियों पर लगी स्याही दिखाते हुए।**

पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा।

असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने कहा कि चुनाव के बाद एक शक्तिशाली, निडर, आत्मविश्वासी और नया असम उभरेगा। केरलम के राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने त्रिशूर में वोट डालने के बाद कहा, उम्मीद करता हूं कि अच्छे लोग चुनकर आएंगे। पुडुचेरी के मुख्यमंत्री रंगास्वामी ने कहा, मैं दोनों सीटों से जीतूंगा। मेरे लिए आंकड़ों से ज्यादा सरकार बनाना जरूरी है। केरलम से भाजपा सांसद सुरेश गोपी ने कहा, अपनी मिट्टी के लिए वोट करें। राजनीतिक नेतृत्व, वादे, सब भूल जाएं।

3 राज्यों की 4 विधानसभा सीटों पर आज उपचुनाव के लिए भी मतदान हुआ। नगालैंड के कोरिडांग विधानसभा क्षेत्र में दोपहर 3 बजे तक 75.06 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं, त्रिपुरा के धर्मनगर में 70.09 प्रतिशत मतदाताओं ने वोट डाले। कर्नाटक में बागलकोट में 54.82 प्रतिशत और दावणगेरे साउथ में 49.66 प्रतिशत मतदान हुआ। ये चुनाव मौजूदा विधायकों के निधन के कारण खाली हुई सीटों पर कराए गए हैं। कुल 8 सीटों पर उपचुनाव होना है। फिलहाल 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव हो रहे हैं। असम, केरलम और पुडुचेरी में आज मतदान हो चुका है। वहीं, तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर एक ही चरण में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पश्चिम बंगाल अकेला ऐसा राज्य हैं, जहां 2 चरण में मतदान होगा। पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान होगा। सभी राज्यों के नतीजे 4 मई को आएंगे।असम में पिछले विधानसभा चुनाव में एनडीए ने 75 और कांग्रेस गठबंधन ने 50 सीटें जीती थीं। केरलम में सत्ताधारी सीपीआई(एम) के नेतृत्व वाले एलडीएफ गठबंधन ने 99 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ को 41 सीटों पर जीत मिली थी। एनडीए को एक भी सीट नहीं मिली थी। पुडुचेरी में एनडीए ने 16 और कांग्रेस-डीएमके के गठबंधन यूडीएफ ने 9 सीटें जीती थीं।



*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की सदस्य क्रांति गौड़ ने सौजन्य भेंट की।*

## मैं आतंकवादी हूं', मुंबई में बम ब्लास्ट होने वाला है, धमकी के बाद मचा हड़कंप

मुंबई,(आरएनएस)। मुंबई में सुबह एक कथित बम धमकी भरे कॉल ने सुरक्षा एजेंसियों में कुछ समय के लिए हड़कंप मचा दिया।



हालांकि, कुछ ही देर बाद मामले की जांच के बाद पता चला कि यह कॉल एपीएमसी में काम करने वाले एक 46 वर्षीय दिहाड़ी मजदूर ने की, जो फर्जी निकली।दरअसल, सुबह करीब 11:54 बजे, कॉलर ने बीट मार्शल सिस्टम पर फोन कर कहा, 'मैं आतंकवादी बोल रहा हूं। मुंबई में बम ब्लास्ट होने वाला है।' इस अस्पष्ट लेकिन गंभीर धमकी के बाद पुलिस तंत्र तुरंत अलर्ट हो गया। हालांकि, कुछ ही घंटों में पुलिस ने कॉल करने वाले की पहचान तूफान नूरलाल शेख के रूप में की, जो सेक्टर 19 स्थित एपीएमसी मार्केट इलाके में रहने वाला एक मजदूर है।अधिकारियों के अनुसार, आरोपी ने कोई ठोस जानकारी नहीं दी थी और उसके पास कोई वास्तविक योजना भी नहीं थी, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यह केवल दहशत फैलाने की कोशिश थी।

## 15,400 टन एलपीजी लेकर नवी मुंबई पहुंचा टैंकर, 6 अप्रैल को होर्मुज से निकला था

मुंबई (आरएनएस)। पश्चिमी एशिया में जारी संघर्ष के बीच भारत का एक और टैंकर एलपीजी लेकर देश आ चुका है। इस टैंकर में 15,400 टन एलपीजी है। इससे देश की बड़ी आबादी को घरेलू गैस की सप्लाई की जाएगी। जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण ने गुरुवार को बताया कि 15400 टन एलपीजी से लदे भारतीय ध्वजाकार जहाज का उसने स्वागत किया। इस टैंकर ने छह अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पार किया था। इस टैंकर का नाम ग्रीन आशा है। इसके साथ ही ग्रीन सानवी नाम का टैंकर भी छह अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से गुजरा था, जो पहले ही भारत पहुंच चुका है।

## आधार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिकाः सिर्फ 6 साल तक के बच्चों का आधार बनाने की मांग

नई दिल्ली,(ए)। आधार पंजीकरण प्रक्रिया को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि देश में आधार बनवाने




की प्रक्रिया केवल छह वर्ष तक के बच्चों तक सीमित कर दी जाए। यह याचिका अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है। याचिका में तर्क दिया गया है कि भारत की लगभग 99 प्रतिशत आबादी, यानी करीब 144 करोड़ लोगों का आधार पहले ही बन चुका है। ऐसे में अब वयस्कों के लिए आधार बनाने की आवश्यकता नहीं रह गई है।

## मौसम का बदला मिजाजः 13 राज्यों में भारी बारिश, ओला और आंधी का अलर्ट

नई दिल्ली(ए.)। अप्रैल के महीने में देश भर में मौसम के अलग-अलग रंग देखने को मिल रहे हैं। जहां इस समय चिलचिलाती धूप और लू का प्रकोप होता था, वहीं इस बार दिल्ली-एनसीआर से लेकर कोलकाता और भोपाल से लेकर जयपुर तक आसमान में बादलों का डेरा है। तेज हवाएं, भारी बारिश और ओलावृष्टि ने न केवल तापमान को गिरा दिया है, बल्कि एक बड़े मौसमी बदलाव की ओर इशारा किया है। मौसम विभाग ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए देश के 13 राज्यों के लिए अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, वर्तमान में कोई एक चक्रवाती तूफान सक्रिय नहीं है, बल्कि कई मौसमी प्रणालियां एक साथ




काम कर रही हैं। उत्तर-पश्चिम से आ रहे सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ और बंगाल की खाड़ी से उठने वाली समुद्री नमी के आपस में टकराने से वातावरण में भारी अस्थिरता पैदा हो गई है। इसी टकराव के कारण अचानक गरज-चमक के साथ आंधी और बारिश जैसी घटनाएं बढ़ गई हैं। 11 अप्रैल के आसपास एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने वाला है, जो मौजूदा स्थिति को और अधिक चुनौतीपूर्ण बना सकता है। देश की राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में 10 और 11 अप्रैल को 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, उत्तर प्रदेश के आगरा, अलीगढ़ और मथुरा जैसे क्षेत्रों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली आंधी और ओलावृष्टि ने जनजीवन प्रभावित किया है। बिजली गिरने की बढ़ती घटनाओं ने सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ा दी हैं। बिहार में अगले 72 घंटे बेहद अहम माने जा रहे हैं, जहां दरभंगा और मुजफ्फरपुर समेत कई जिलों में वज्रपात का खतरा बना हुआ है।

# श्रीकांत बनोठ होंगे नर्मदापुरम संभाग के नये आयुक्त

## सोमेश मिश्रा बने नर्मदापुरम कलेक्टर

भोपाल (आरएनएस) । मध्यप्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ी कमान बदलते हुए 26 IAS अधिकारियों की नई पदस्थापना सूची जारी की है। इस सूची में राजधानी भोपाल समेत धार, रीवा, सागर, सिवनी और बैतूल जैसे महत्वपूर्ण जिलों के कलेक्टरों को बदला गया है। नर्मदापुरम के नवीन कलेक्टर सोमेश मिश्रा को बनाया गया है जो कि वर्तमान में मण्डला कलेक्टर है। तो वहीं श्रीकांत बनोठ को नर्मदापुरम संभाग का आयुक्त बनाया गया है जो वर्तमान में आयुक्त नगर तथा ग्राम निवेश थे।

प्रशासनिक फेरबदल में सबसे महत्वपूर्ण बदलाव राजधानी भोपाल में हुआ है। 2013 बैच के अधिकारी प्रियंक मिश्रा, जो अब तक धार कलेक्टर थे, उन्हें अब कलेक्टर भोपाल नियुक्त किया गया है। वहीं, भोपाल के वर्तमान कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह को




मुख्यमंत्री का सचिव बनाया गया है, साथ ही उनके पास नगर तथा ग्राम निवेश के आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।

गृह विभाग: श्रीमती शिल्पा गुप्ता (आयुक्त, लोक शिक्षण) को अब शासन के गृह विभाग में सचिव पद पर पदस्थ किया गया है। स्कूल शिक्षा: अभिषेक सिंह को गृह विभाग से हटाकर आयुक्त, लोक शिक्षण एवं पदेन सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। धार: राजीव रंजन मीना को धार का नया कलेक्टर बनाया गया है। रीवा: नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी रीवा के नए कलेक्टर होंगे।

सागर: श्रीमती प्रतिभा पाल को रीवा से हटाकर सागर कलेक्टर बनाया गया है। सिवनी: श्रीमती नेहा मीना को सिवनी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शिवपुरी: अर्पित वर्मा अब शिवपुरी के नए कलेक्टर होंगे। झाबुआ: डॉ. योगेश तुकाराम भरसट को झाबुआ की कमान दी गई है। दमोह: प्रताप नारायण यादव दमोह के नए कलेक्टर नियुक्त किए गए हैं। बैतूल: डॉ. सौरभ संजय सोनवणे को बैतूल कलेक्टर बनाया गया है।

| अधिकारी का नाम | वर्तमान पद | नवीन पदस्थापना |
|---|---|---|
| श्री प्रियंक मिश्रा | कलेक्टर, धार | कलेक्टर, भोपाल |
| श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह | कलेक्टर, भोपाल | सचिव, मुख्यमंत्री |
| श्रीमती प्रतिभा पाल | कलेक्टर, रीवा | कलेक्टर, सागर |
| श्री श्रीकांत बनोठ | आयुक्त,नगर तथा ग्राम निवेश | आयुक्त,नर्मदापुरम संभाग |
| श्रीमती नेहा मीना | कलेक्टर, झाबुआ | कलेक्टर, सिवनी |
| श्री सोमेश मिश्रा | कलेक्टर, मण्डला | कलेक्टर, नर्मदापुरम |

# नीतीश कुमार 14 अप्रैल को देंगे बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा, कौन होगा अगला मुख्यमंत्री?

पटना,(आरएनएस)। जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) प्रमुख नीतीश कुमार कल यानी 10 अप्रैल को राज्यसभा सांसद की शपथ लेंगे। इसी के साथ उनका बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में करीब 2 दशक लंबा कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है।सूत्रों के हवाले से बताया है कि वे 14 अप्रैल को बिहार के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे सकते हैं। इसी दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का विधायक दल अगले मुख्यमंत्री का चयन करने के लिए बैठक करेगा।रिपोर्ट के मुताबिक, नीतीश ने कथित तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से कहा है कि मुख्यमंत्री का पद खाली नहीं रह सकता। सूत्रों ने बताया है कि नीतीश चाहते हैं कि उनके उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता सम्राट चौधरी मुख्यमंत्री पद संभालें और उन्होंने पार्टी नेतृत्व को अपनी प्राथमिकता से अवगत करा



दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि सम्राट का शपथ ग्रहण समारोह 15 अप्रैल को हो सकता है।नीतीश ने 17 मार्च को एनडीए के 4 अन्य उम्मीदवारों के साथ राज्यसभा चुनाव जीता था। इसके बाद 30 मार्च को उन्होंने बिहार विधान परिषद के सदस्य पद से इस्तीफा दिया था। इसी के साथ ये लगभग तय हो गया था कि बिहार का मुख्यमंत्री पद अब भाजपा को मिलने जा रहा है। हालांकि, अभी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नीतीश आज दिल्ली रवाना होंगे और कल राज्यसभा सांसद पद की शपथ लेंगे।खबरें हैं कि नीतीश के बेटे निशांत कुमार को बिहार की नई सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया जा सकता है। नीतीश के राज्यसभा जाने का फैसला लेने के बाद 8 मार्च को निशांत ने जेडीयू की सदस्यता ली थी। निशांत अभी तक सक्रिय राजनीति से दूर रहे हैं और ज्यादातर समय सोशल मीडिया और राजनीतिक मंचों से दूरी बनाए रखते हैं। खबरें हैं कि वे पार्टी को मजबूत करने के लिए यात्रा निकालने की योजना बना रहे हैं।अगले मुख्यमंत्री के लिए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और मंत्री दिलीप कुमार जायसवाल के नाम आगे हैं।

## नर्मदा नदी में धार्मिक कार्य के दौरान 11,000 लीटर दूध बहाया, सोशल मीडिया पर दिखा गुस्सा

सीहोर(आरएनएस)। मध्य प्रदेश से एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आई है, जिसमें कुछ लोग धार्मिक कार्य के दौरान भारी मात्रा में दूध नदी में बहा रहे हैं। यह वीडियो प्रदेश के सीहोर जिले में नर्मदा नदी के तट पर स्थित पातालेश्वर महादेव मंदिर का बताया जा रहा है। हालांकि, इसकी पुष्टि नहीं हुई है। वीडियो में दिख रहा है कि कुछ लोग दादा जी बाबा के नेतृत्व में टैंकर से दूध नदी में बहा रहे हैं।ये वीडियो श्री धुनीवाले दादाजी महाराज (दादा जी बाबा) के 21 दिवसीय भव्य आयोजन का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसमें रोजाना नर्मदा माता का दूध अभिषेक किया जाता है। बताया जा रहा है कि यहां रोजाना 151 लीटर का अभिषेक होता है, लेकिन 21 दिवसीय कार्यक्रम के समापन पर 11,000 लीटर का अभिषेक किया गया।




## अजित पवार के सम्मान में कांग्रेस बारामती में नहीं उतारेगी उम्मीदवार, सुनेत्रा पवार की जीत तय

पुणे (आरएनएस)। महाराष्ट्र के बारामती विधानसभा सीट के लिए होने वाले उपचुनाव में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की प्रमुख सुनेत्रा पवार की जीत तय हो गई है। गुरुवार को नामांकन वापस लेने के आखिरी दिन कांग्रेस ने अपने उम्मीदवार आकाश मोरे को अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्देश दिया है। कांग्रेस ने यह फैसला अजित पवार के सम्मान में और शरद पवार समेत अन्य नेताओं की अपील पर लिया है। महाराष्ट्र कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने कहा, अजीत पवार का निधन वाकई दुर्भाग्यपूर्ण था और वे अतीत में कांग्रेस से भी जुड़े रहे थे। सुनेत्रा पवार ने आज तक मुझे 3 बार फोन किया। एक प्रतिनिधिमंडल, छगन भुजबल, धनंजय मुंडे, रोहित पवार ने मुझसे अनुरोध किया था। महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा कि अजित पवार के निधन के बाद यह उपचुनाव आवश्यक हो गया है, जिसमें कांग्रेस उनके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए हिस्सा नहीं लेगी।

# सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की 10 साल पुरानी शादी, 80 केस एकसाथ खत्म, वकील पति को खूब सुनाया



नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने अलग रह रहे पति-पत्नी के बीच लगभग 10 साल से जारी विवाद को वैवाहिक महाभारत करार दिया और इस कड़वी कानूनी लड़ाई को पूर्ण विराम देते हुए दोनों की शादी रद्द कर दी। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा कि यह शादी व्यावहारिक रूप से दम तोड़ चुकी थी और संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए दोनों के वैवाहिक रिश्ते को समाप्त कर दिया। बेंच ने पेशे से वकील पति की इस बात के लिए आलोचना की कि उसने अपनी कानूनी विशेषज्ञता का इस्तेमाल अपनी पत्नी, उसके परिवार और यहां तक कि उसके वकील के खिलाफ प्रतिशोधी एवं परेशान करने वाले अभियान के तहत 80 से अधिक मामले दर्ज कराने के लिए किया। बेंच ने अपने आदेश में कहा कि अलग रह रहे पति-पत्नी लंबे समय से जारी कड़वी वैवाहिक लड़ाई में उलझे हुए थे, जिसके चलते विभिन्न अदालतों में कई मुकदमे दायर किए गए थे। आदेश में कहा गया है, हम इस बात का भी संज्ञान लेते हैं कि प्रतिवादी पति ने हर लेवल पर, न केवल याचिकाकर्ता पत्नी और उसके रिश्तेदारों, बल्कि उसके वकीलों के खिलाफ भी अनगिनत आवेदन और शिकायतें दर्ज कराके कार्यवाही को खींचने और जटिल बनाने की कोशिश की। इनमें से ज्यादातर मामले बदला लेने और परेशान करने वाले प्रतीत होते हैं। यह स्पष्ट रूप से प्रतिवादी पति के शत्रुतापूर्ण, झगड़ालू और प्रतिशोधी रवैये को दर्शाता हैं।बेंच ने कहा कि वह उस कारण का अंदाजा लगा सकती है, जिसके चलते महिला को अपने वैवाहिक संबंध को जारी रखना बेहद मुश्किल लगा होगा। इस अदालत को इस बात को लेकर कोई संदेह नहीं है कि यह विवाह व्यावहारिक रूप से दम तोड़ चुका है और उक्त मामला संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करने के लिए एक बेहद उपयुक्त मामला है, न केवल पक्षों के बीच शादी को समाप्त करने के लिए, बल्कि उनके बीच शुरू की गई और लंबित सभी कार्यवाही को समाप्त करने के लिए, जिसमें रिश्तेदारों और कानूनी सलाहकारों के खिलाफ कार्यवाही भी शामिल है।

## नासिक की आईटी कंपनी में 8 महिलाओं से यौन शोषण, 6 गिरफ्तार

नासिक (आरएनएस)। महाराष्ट्र के नासिक में एक बहुराष्ट्रीय आईटी कंपनी में महिला कर्मचारियों के यौन शोषण से जुड़ा गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि कंपनी की महिला कर्मचारियों की शिकायतों के बाद 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें टीम लीडर और इंजीनियर स्तर के कर्मचारी शामिल हैं। सभी पर अलग-अलग आरोप हैं। वहीं, पूरे मामले की जांच के लिए विशेष जांच टीम (एसआईटी) भी गठित की गई है।पुलिस ने बताया कि 9 पीड़ितों की शिकायत के बाद मामले में 9 एफआईआर दर्ज की गई हैं। पीड़ितों में 8 महिलाएं और एक पुरुष है। 8 एफआईआर मुंबई नाका पुलिस स्टेशन में और एक देवलाली पुलिस स्टेशन में दर्ज हुई है। इन मामलों में यौन शोषण, छेड़छाड़, धार्मिक भावनाएं आहत करने और मानसिक उत्पीड़न जैसे गंभीर आरोप शामिल हैं। आरोपियों में 6 पुरुष हैं, जबकि एक महिला है, जो कंपनी की मानव संसाधन (एचआर) रिप्रेजेंटेटिव के पद पर थीं।शिकायत के मुताबिक, ये घटनाएं बीते 2-3 साल में हुई। पीड़ित महिला कर्मचारियों का कहना है कि उनके साथ गलत तरीके से छेड़छाड़ की गई।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी के 33 प्रतिशत महिला आरक्षण को लागू करने के लिए उठाए कदम स्वागत योग्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकसभा और विधानसभा चुनावों में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में बढ़ाए कदमों का हार्दिक स्वागत किया है। आगामी 16 अप्रैल को संसद की बैठक हो रही है। इस बैठक और विशेष सत्र का आयोजन महिलाओं की भूमिका को सशक्त बनाने का माध्यम बनेगा।

### मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री श्री मोदी के मंत्र पर हो रहा निरंतर कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नारी सशक्तिकरण की इस यात्रा को अभूतपूर्व गति मिलेगी। हमारी बेटियां आज हवाई जहाज उड़ा लेती हैं और अंतरिक्ष में भी जाती हैं। जीवन के ऐसे क्षेत्रों में बहनें और बेटियां कार्य कर रही हैं, जिसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। मध्यप्रदेश में उद्योग व्यवसाय के संचालन, पर्यटक स्थलों पर होम-स्टे के संचालन, टोल टैक्स की वसूली और नगरों एवं ग्रामों में मेयर और सरपंच जैसे पदों पर रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए जनकल्याण के कार्यों में बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जी के महिला सशक्तिकरण के मंत्र पर निरंतर कार्य हो रहा है।

### संसद की तीन दिवसीय बैठक ऐतिहासिक सिद्ध होगी

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम सभी दलों की सहमति से पारित किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने एक संदेश में कहा है कि वर्ष 2029 में जब लोकसभा के चुनाव होंगे तब हमारे देश की नारी शक्ति को प्रतिनिधि के रूप में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए। इसको लेकर देश में एक सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इस विशेष कार्य के लिए 16,17 और 18 अप्रैल को संसद की विशेष बैठक हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि संसद की यह तीन दिवसीय बैठक महिला सशक्तिकरण की दृष्टि से ऐतिहासिक सिद्ध होगी। आजादी के 100 साल पूरे होने तक विकसित भारत बनाने में नारी शक्ति की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण रहने वाली है।

## मध्यप्रदेश के 68 महाविद्यालयों में शुरु होंगे एआई आधारित सर्टिफिकेट कोर्स

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन एवं उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार के नेतृत्व में प्रदेश के शासकीय महाविद्यालयों में परंपरागत पाठ्यक्रमों की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिये उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महाविद्यालयों में रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने को लेकर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। प्रदेश के 68 शासकीय महाविद्यालयों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा एआई एवं फिनटेक विथ एआई के ऑनलाइन सर्टिफिकेट कोर्स प्रारंभ किए जा रहे हैं। इनमें 55 प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस तथा 13 स्वायत्त महाविद्यालय शामिल हैं। यह कोर्स आईआईटी दिल्ली के सहयोग से संचालित किया जाएगा। विद्यार्थियों को इसकी सुविधा नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 से मिलना शुरू होगी। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा पाठ्यक्रम प्रारंभ करने को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है।

# शादी में दूल्हे ने कट्टे से किया हर्ष फायर, बारातियो ने वीडियो बनाकर किया वायरल

-दूल्हे सहित कट्टा देने वाले चाचा ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज

- चाचा ससुर गिरफ्तार, दूल्हा फरार




भोपाल (ए.)। परवरिया थाना क्षेत्र में शादी के बीच दूल्हे को कट्टे से हर्ष फायर करना महंगा पड़ गया। दरअसल फायरिंग का वीडियो बनाकर बारातियों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। जैसै ही यह वीडियो पुलिस की नजरो में आया पुलिस तुरंत ही एक्शन मोड में आई और दूल्हे के साथ ही उसके चाचा ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, फायरिंग करने वाले दूल्हे का नाम मिस्बा खान है। वहीं, कट्टा देने वाले आरोपी का नाम असलम खान है, जो दूल्हे का चाचा ससुर है। जानकारी के मुताबिक, प्रॉपर्टी ब्रोकर का काम करने वाले मिस्बा खान की 8 अप्रैल को द डी फॉर्म हाउस में शादी थी। बारात के पहुंचते ही जोश और जश्न के माहौल के बीच बारातियों ने इवेंट में इस्तेमाल की जाने वाली फायर गन चलाना शुरू कर दिया। इस दौरान दूल्हे के चाचा ससुर असलम खॉन ने अपने पास रखा कट्टा दूल्हे को थमा दिया। जोश में आकर दूल्हे ने कट्टे से फायर कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। वीडियो में दिख रहा है, कि दूल्हा डांस कर रहा है। वहीं उसके दोस्त और परिजन नोट उड़ा रहे हैं। वायरल वीडियो के जरिए मामला पुलिस के संज्ञान में आया। इसके बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पुलिस ने कट्टा देने वाले आरोपी असलम खान को गिरफ्तार कर लिया है।

# भोपाल में बाल विवाह रोकथाम को लेकर प्रशासन सख्त, उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई

### - बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले पर होगी कार्रवाई

भोपाल,(निप्र.) । कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक बुराई है। समाज में इस कुप्रथा का स्वरूप बहुत ही भयावह है। सामान्य रूप से प्रचलित वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ



शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया के अवसर पर अन्य वैवाहिक कार्यक्रम भी आरंभ हो जाएंगे। किसी भी स्थिति में बाल विवाह होने की आशंका न हो यह प्रशासन के द्वारा सामुदायिक सहयोग से ही संभव हैं।कलेक्टर सिंह ने गुरुवार को बताया कि भोपाल जिले में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत बाल विवाह रोकथाम के लिए लाडो अभियान नाम से विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006, की धारा 9, 10, 11, एवं 13 बाल विवाह कराने, सहयोग देने वाले व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था, संगठन के लिये दो वर्ष तक कारावास अथवा एक लाख रुपये का जुर्माना या दोनों का प्रावधान हैं। समस्त वैवाहिक कार्यक्रमों के साथ-साथ सामूहिक विवाह कराने वाले आयोजकों से अनुरोध है कि वे अपने आयोजनों में बाल विवाह नहीं करेंगें एवं इस आशय का शपथ पत्र कलेक्टर कार्यालय एवं महिला एवं बाल विकास जिला कार्यालय भोपाल के समक्ष प्रस्तुत करेंगें।इसी प्रकार प्रेस, हलवाई, कैटर्स, धर्मगुरू, समाज के मुखियां, बैंड वाले, घोड़ी वाले, ट्रासपोर्ट आदि से भी अनुरोध किया जाता है कि आयु संबंधी प्रमाण-पत्र प्राप्त कर परीक्षण उपरांत ही अपनी सेवाएं प्रदान करें, अन्यथा वे भी बाल विवाह के सहयोगी माने जाऐंगें। प्रिटिंग प्रेस विवाह पत्रिका मुद्रित करने वालों से अपील है कि वे विवाह पत्रिका में स्पष्ट उल्लेख करें कि वर-वधू बालिग है।

# भोपाल में कांग्रेस का कलेक्ट्रेट घेराव, किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में जिला कांग्रेस कमेटी भोपाल शहर के अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना और ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल के नेतृत्व में गुरुवार को किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भोपाल कलेक्ट्रेट कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसान साथियों ने हिस्सा लिया।प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार की किसान विरोधी नीतियों के कारण अन्नदाता गंभीर संकट से गुजर रहा है। खासतौर पर गेहूं खरीदी को लेकर लगातार लापरवाही बरती जा रही है। खरीदी की तारीखें बार-बार बदली जा रही हैं।पहले 23 मार्च, फिर 1 अप्रैल, 10 अप्रैल और अब आगे बढ़ाई जा रही हैं। नेताओं ने इसे तारीख पर तारीख का खेल बताते हुए किसानों के साथ अन्याय करार दिया।उन्होंने कहा कि खरीदी केंद्र समय पर शुरू नहीं हो रहे हैं, जिससे किसान अपनी उपज लेकर भटकने को मजबूर हैं। वहीं दूसरी ओर सरकार द्वारा सहकारी संस्थाओं के माध्यम से ऋण वसूली की अंतिम तिथि 31 मार्च तय की गई थी, लेकिन खरीदी में देरी के चलते हारों किसान डिफॉल्टर घोषित हो गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि जब तक किसानों की फसल की खरीदी नहीं होगी और उन्हें भुगतान नहीं मिलेगा, तब तक वे अपना कर्ज कैसे चुका पाएंगे। यह स्थिति सरकार की नीतियों की विफलता को उजागर करती है।उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मजबूरी में किसान अपनी उपज औने-पौने दामों पर बेच रहे हैं, जहां उन्हें मात्र 2000 से 2200 रुपये प्रति क्विंटल तक कीमत मिल रही है। जबकि पड़ोसी राज्य राजस्थान में 16 मार्च से गेहूं खरीदी सुचारू रूप से चल रही है, जो प्रदेश सरकार की उदासीनता को दर्शाता है। प्रदर्शन के बाद कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर गेहूं खरीदी तत्काल शुरू करने, किसानों को उचित समर्थन मूल्य दिलाने, समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और ऋण वसूली पर रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनीश भार्गव, वरिष्ठ नेता अरुण श्रीवास्तव, नरेश ज्ञानचंदानी, अभिषेक शर्मा, किसान कांग्रेस शहर अध्यक्ष राघवेंद्र मीना, ग्रामीण अध्यक्ष राम भाई मेहर सहित विभिन्न मोर्चा संगठनों के पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पार्टी हमेशा से किसानों के हक और सम्मान के लिए संघर्ष करती रही है और आगे भी किसानों के हितों की रक्षा के लिए यह लड़ाई लगातार जारी रहेगी।

## जीतू पटवारी ने लगाया किसानों की अनदेखी का आरोप, सरकार पर किया तीखा हमला

भोपाल/सागर,(ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार पर किसानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रदेश में घोषित किसान कल्याण वर्ष वास्तव में किसान शोषण वर्ष में बदल चुका है। जीतू पटवारी गुरुवार को सागर जिले की कृषि मंडी पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने अव्यवस्थाओं को लेकर नाराजगी जताई और तत्काल समाधान की मांग की। वे बड़ामलहरा के अबारधाम में आयोजित संत संत रविदास जी महाराज एवं गंगा मैया की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे, इसी दौरान उन्होंने सागर मंडी का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने संत रविदास के समता और मानवता के संदेश को याद करते हुए प्रदेशवासियों के कल्याण की कामना की। मंडी में किसानों ने गेहूं खरीदी में देरी, बारदान (बोरी) की कमी और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर अपनी समस्याएं रखीं।

## बुंदेलखंड में भाजपा का 'गांव-बस्ती चलो' अभियान से बूथ मजबूत करने पर जोर, हेमंत खंडेलवाल का कांग्रेस पर हमला

भोपाल/निवाड़ी/टीकमगढ़, (ए.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल ने गुरुवार को बुंदेलखंड क्षेत्र के निवाड़ी और टीकमगढ़ जिलों में विभिन्न संगठनात्मक बैठकों और गांव-बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। उन्होंने पार्टी की विचारधारा, सरकार की उपलब्धियों और संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए कांग्रेस पर तीखा हमला बोला।ओरछा, पृथ्वीपुर और जतारा विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित जिला बैठक, जनप्रतिनिधि बैठक और छोटी टोली बैठकों में खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा एक विचारधारा आधारित दल है, जबकि अन्य दल, विशेषकर कांग्रेस, व्यक्ति और परिवार केंद्रित राजनीति करते हैं।उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने वैश्विक स्तर पर नई पहचान बनाई है और वे अपनी दूरदर्शी नीतियों के कारण विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं। वहीं मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश के हर वर्ग के कल्याण और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है। खंडेलवाल ने कहा कि भाजपा सरकारों की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इनसे गरीब, किसान, महिला और युवाओं का सशक्तिकरण हुआ है।

# भोपाल में एनएसयूआई का 56वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया, छात्र अधिकारों को लेकर संघर्ष का लिया संकल्प



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) का 56वां स्थापना दिवस गुरुवार को उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने झंडावंदन कर स्थापना दिवस मनाया और छात्र हितों की रक्षा के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष अक्षय तोमर ने किया। उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए, जिन्होंने संगठन की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक त्रिपाठी उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा पर चलते हुए शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने, छात्र-छात्राओं के अधिकारों की रक्षा करने और सामाजिक न्याय को मजबूत करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि एनएसयूआई हमेशा से छात्रों की आवाज़ बुलंद करती रही है और आगे भी शिक्षा व्यवस्था में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ संघर्ष जारी रखेगी।एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष रवि परमार ने अपने संबोधन में छात्रसंघ चुनावों का मुद्दा उठाते हुए कहा कि छात्रसंघ चुनाव छात्रों का अधिकार है और एनएसयूआई इसे हर हाल में दिलवाकर रहेगी।




माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल में जनसम्पर्क अधिकारियों एवं सोशल मीडिया हैण्डलर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को कुलगुरू विजय मनोहर तिवारी सम्बोधित करते हुए

# महिला-बाल विकास मंत्री सुश्री भूरिया से अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने की सौजन्य भेंट

### खेलों में बेटियों की भागीदारी बढ़ाने और ग्रामीण प्रतिभाओं को अवसर देने पर हुई सार्थक चर्चा



भोपाल (ए.)। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया से आज उनके भोपाल स्थित निवास पर मध्यप्रदेश की उभरती हुई अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर तथा भारतीय क्रिकेट टीम की सदस्य सुश्री क्रांति गौड़ ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर खेलों के विकास, विशेषकर महिला क्रिकेट को प्रोत्साहन देने, ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को आगे लाने तथा युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि प्रदेश की बेटियों की उपलब्धियां पूरे मध्यप्रदेश और देश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि खेलों में बेटियों की बढ़ती भागीदारी समाज में सकारात्मक बदलाव का संकेत है और इससे अन्य युवतियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। क्रिकेटर क्रांति गौड़ ने मंत्री सुश्री भूरिया से अपने खेल जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प, अनुशासन और निरंतर मेहनत के बल पर खिलाड़ी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यदि खिलाड़ियों को समय पर उचित प्रशिक्षण, खेल अधोसंरचना और मार्गदर्शन मिले, तो प्रदेश की बेटियां राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक सफलता प्राप्त कर सकती हैं। क्रांति गौड़ ने विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को पहचानने और उन्हें बेहतर कोचिंग, प्रशिक्षण सुविधाएं तथा आर्थिक सहयोग उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर पर नियमित खेल गतिविधियों के आयोजन से युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और अधिक प्रतिभाएं सामने आयेंगी। मंत्री सुश्री भूरिया ने क्रांति गौड़ की उपलब्धियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि क्रांति गौड़ अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रदेश और देश का नाम निरंतर रोशन करेंगी तथा युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत बनेंगी।

## प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशुपालन डेयरी विभाग का लगेगा, स्टॉल, मिलेगी जानकारी

भोपाल, (निप्र.)। खेती को लाभकारी बनाने, किसानों को आधुनिक तकनीकों से परिचित कराने और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करने के उद्देश्य से रायसेन जिले में उन्नत कृषि महोत्सव-2026 के अंतर्गत प्रदर्शनी एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव तीन दिन तक चलेगा, जिसमें किसानों को देश के प्रतिष्ठित कृषि वैज्ञानिकों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। महोत्सव के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इससे किसानों को उन्नत खेती, नई तकनीकों और बेहतर उत्पादन के तरीकों की जानकारी दी जाएगी।महोत्सव में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा स्टॉल लगाया जाएगा, जहां पशुपालकों एवं किसानों को केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही उन्नत पशु एवं कुक्कुट प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें गिर, साहिवाल, थारपारकर गाय, मुर्रा भैंस, कड़कनाथ मुर्गी तथा रंगीन बैकयार्ड बर्ड्स शामिल हैं। इसके साथ ही बकरी पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोजत, बीटल, बारबरी, जमुनापारी एवं सिरोही नस्लों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# मप्र में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन शुरु, पहले दिन हुई 1616 क्विंटल खरीदी

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर की गई सभी व्यवस्थाएँ चुस्त-दुरूस्त



भोपाल, (निप्र.)। मध्य प्रदेश में गेहूँ का उपार्जन इंदौर, उज्जैन, भोपाल और नर्मदापुरम संभाग में गुरुवार से शुरू हो चुका है। पहले दिन 45 उपार्जन केन्द्रों पर 1616 क्विंटल गेहूँ का उपार्जन किया गया है। शेष संभागों में 15 अप्रैल से गेहूँ का उपार्जन शुरू किया जायेगा।यह जानकारी प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने दी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।खाद्य मंत्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में गेहूँ उपार्जन के लिये इस वर्ष रिकार्ड 19 लाख 4 हजार किसानों ने पंजीयन कराया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3 लाख 60 हजार अधिक है।

विगत वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 77 लाख मीट्रिक टन गेहूँ का उपार्जन किया गया था। इस वर्ष विपरीत परिस्थितियों के बावजूद किसानों के हित में सरकार द्वारा 78 लाख मीट्रिक टन गेहूँ के उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है, जो कि पिछले वर्ष से एक लाख मीट्रिक टन अधिक है।उन्होंने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिये अभी तक 97 हजार 474 किसानों द्वारा 4 लाख 46 हजार 582 मीट्रिक टन गेहूँ के विक्रय के लिये स्लॉट बुक किये जा चुके हैं। किसानों से 2585 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा घोषित 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस राशि सहित 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूँ का उपार्जन किया जा रहा है। गेहूँ के उपार्जन के लिये आवश्यक बारदानों की व्यवस्था की जा चुकी है। उपार्जित गेहूँ को रखने के लिये जूट बारदानों के साथ ही पीपी/एचडीपी बैग एवं जूट के भर्ती बारदाने का उपयोग किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूँ के सुरक्षित भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था की गई है।

# गेहूं खरीदी में देरी पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, धरना देकर जताया विरोध




**– मप्र में किसानों को किया जा रहा है परेशान**

शिवपुरी (ए.)। शिवपुरी में गुरुवार को कांग्रेस ने गेहूं खरीदी में देरी को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान शिवपुरी के माधव चौक चौराहे पर भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन भी दिया।

धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार किसान विरोधी है। किसान विरोधी नीतियों के कारण आज मध्य प्रदेश का अन्नदाता किसान परेशान है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को गेहूं उपार्जन की तारीख में बार-बार बढ़ाई जा रही है। पहले 23 मार्च की गई तारीख इसके बाद फिर 1 अप्रैल की गई फिर 10 अप्रैल की गई इसके बाद 15 अप्रैल की गई और किसानों को परेशान किया जा रहा है।

शिवपुरी के माधव चौक चौराहे पर धरना प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाए की मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार किसानों को परेशान कर रही है। किसानों को अपना गेंहू बाजार में कम दाम पर बेचना पड़ रहा है कांग्रेस ने इस मामले में जल्द से जल्द गेहूं खरीदने की मांग की। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल सहित शिवपुरी विधानसभा के प्रभारी राजेंद्र सिंह नाती, विधायक कैलाश अग्रवाल, पूर्व विधायक प्रागी लाल जाटव, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जगमोहन सिंह सेंगर, संजय चतुर्वेदी, भारत रावत, रामकुमार सिंह यादव, शहर कांग्रेस अध्यक्ष साहब सिंह कुशवाहा, नरेंद्र मिश्रा सहित अन्य कार्यकर्ता गण मौजूद रहे।

### *इंदौर के दंपति ने दिखाई मानवता, चार बच्चों की जान बचाई; पुलिस ने किया सम्मानित*

*मंदसौर, (ए.)। मध्य प्रदेश के मंदसौर जिले के दलौदा थाना क्षेत्र अंतर्गत आक्या गांव के पास 8 अप्रैल की रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में इंदौर के एक दंपति ने तत्परता दिखाते हुए चार बच्चों सहित कई घायलों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस ने दंपति को सम्मानित किया।जानकारी के अनुसार, एक स्कॉर्पियो वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया, जिसमें सवार 6 बच्चे और 4 महिला-पुरुष गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही दलौदा पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान वहां से गुजर रहे इंदौर निवासी पंकज सिंह और उनकी पत्नी अंजू सिंह ने बिना देर किए राहत कार्य में सहयोग शुरू कर दिया।दंपति ने पुलिस के साथ मिलकर घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने में मदद की। विशेष रूप से अंजू सिंह स्वयं घायल बच्चों को लेकर पुलिस वाहन में बैठीं, जिससे उन्हें समय पर उपचार मिल सका और उनकी जान बचाई जा सकी।*

# मुन्ना भाई डॉक्टरों का भंडाफोड़, शाही दवाखाने की आड़ में चल रहा था फर्जीवाड़ा



अशोकनगर,(ए.)। मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले के बहादुरपुर कस्बे में पिछले छह महीनों से लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ कर रहे फर्जी डॉक्टरों के गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। कथित डॉक्टर शाही दवाखाना के नाम से हर गुरुवार को कैंप लगाते थे।हैरानी की बात यह है कि इन झोलाछाप डॉक्टरों के पास केवल जिले से ही नहीं, बल्कि सागर, विदिशा, ललितपुर, झांसी और गुना से भी मरीजों की लंबी कतारें लगती थीं।

पत्रकार की सजगता से गिरा फर्जी साम्राय:

इस पूरे गोरखधंधे का अंत एक सोशल मीडिया पोस्ट से हुआ। पोस्ट वायरल होते ही प्रशासन हरकत में आया और सेक्टर मेडिकल ऑफिसर डॉ. यशवंत सिंह तोमर ने पुलिस बल के साथ मौके पर छापा मारा। कार्रवाई का नतीजा यह रहा कि पुलिस को देखते ही भगदड़ मच गई। जिनमें दो युवक, मोहम्मद सलमान और मोहम्मद नदीम (निवासी मुरादाबाद, यूपी) धरे गए। वहीं गिरोह का मुख्य सरगना और एक अन्य साथी मौके से भागने में सफल रहा।

**इलाज के नाम पर भभूत और नशा**

जांच में जो तथ्य सामने आए हैं, वे चौंकाने वाले हैं। ये फर्जी डॉक्टर कमर दर्द, साइटिका, स्लिप डिस्क और सांस की बीमारियों का सस्ता इलाज करने का दावा करते थे। प्रति मरीज फीस 200 से 500 रुपये की वसूली होती थी। एलोपैथिक दवाओं के साथ मरीजों को भभूत की पुडिया दी जाती थी। वहीं कुछ मरीजों ने दबी जुबान में बताया कि इस भभूत को खाने के बाद हल्का नशा महसूस होता था। प्रशासन ने भभूत के सैंपल जांच के लिए लैब भेज दिए हैं।

**कागजों में डॉ. तोमर हकीकत में कोई और!**

फर्जीवाड़े की हद तो यह थी कि इलाज के पर्चों पर डॉ. यूपीएस तोमर का नाम छपा था, जबकि मौके पर मौजूद सभी युवक दूसरे समुदाय के थे।

# सनातन की जनचेतना जगाने राष्ट्रीय हिंदु स्वाभिमान का अभियान

जबलपुर, (ए.)। राष्ट्रीय हिंदु स्वाभिमान मंच ने सनातन के जन जागरण अभियान का शंखनाद पोखरण विधायक महंत प्रताप पुरी के ओजस्वी उद्बोधन से शुरु कर रहा है, मंच का तीन सूत्रीय कार्यक्रम है पहले चरण में बौद्धिक वर्ग को अभियान से जोड़ना साथ तत्कालीन परिस्थितियों की गम्भीरता को समझना और राष्ट्रहित में अपनी भूमिका सुनिश्चित करना खुद मात्र व्यवसाय तक सीमित न रखें भविष्य के लिए समय दें गम्भीरता पूर्वक।




दूसरा अंतिम व्यक्ति तक न सिर्फ़ पहुंच अपितु उसे एहसास कराना आप भी राष्ट्रनिर्माण में महत्वपूर्ण हो, और हम सब साथ हैं आपके दु:ख हमारे हैं। अपने इसी उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए मायाराम जैसवानी ने चर्चा में बताया हर संगठन अपना काम बेहतर तरीक़े से कर रहे हैं, कुछ और जो हमे समाज की मजबूती के आवश्यक लगा जिसके चलते राष्ट्रीय हिंदु स्वाभिमान संगठन की शुरूआत की जा रही है ।

# आगरमालवा: किसानों के समर्थन में कांग्रेस ने निकाली रैली, ज्ञापन सौंपा

आगरमालवा, (ए.)। मध्य प्रदेश के आगरमालवा में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को किसानों के समर्थन में एक रैली निकालकर राज्यपाल के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष विजयलक्ष्मी तवंर के नेतृत्व में छावनी स्थित गांधी उपवन में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए तथा शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए रैली निकालते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल के नाम अपर कलेक्टर आर.पी वर्मा को एक ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी एक माह देरी से शुरू की गई, जिसके चलते अधिकांश किसानों को अपनी उपज कम दामों में मंडियों में बेचनी पड़ी और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। कांग्रेस ने मांग की कि ऐसे वंचित किसानों को कृषि ऋण पर ब्याज में छूट दी जाए तथा 500 से 700 रुपये प्रति क्विंटल के अंतर को भावांतर योजना के तहत भुगतान किया जाए अध्यक्ष तंवर ने कहा कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व में हुई ओलावृष्टि से सोयाबीन की फसलें बर्बाद हुई थीं।



# वंदे मातरम विवाद: रुबीना खान निष्कासित, कांग्रेस अध्यक्ष का सख्त बयान

**– जिसे वंदे मातरम नहीं गाना है वह कांग्रेस के कार्यक्रम में नहीं आए – कांग्रेस अध्यक्ष, पार्षद रूबीना खान को कांग्रेस से निष्कासन की घोषणा करते बोले चिंटू चौकसे**





इन्दौर (ए.)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कल इन्दौर नगर निगम में बजट बहस के दौरान कांग्रेस पार्षद फौजिया शेख और रूबीना खान द्वारा वंदे मातरम् गाने को लेकर विवाद करने के बाद रूबीना खान को पार्टी से निष्कासित करने की घोषणा करते कहा है कि जिसे वंदे मातरम नहीं गाना है वह कांग्रेस के कार्यक्रम में नहीं आए। चौकसे ने कहा कि देश में राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' को अपनाने का कार्य कांग्रेस ने ही किया था। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान कांग्रेस के हर सम्मेलन की शुरुआत वंदे मातरम से होती थी और छोटी से छोटी बैठक भी इसी उद्घोष के साथ शुरू होती थी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कांग्रेस का कोई कार्यकर्ता वंदे मातरम गाने में असहजता महसूस करता है तो यह उचित नहीं है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि अब इंदौर में कांग्रेस के सभी कार्यक्रमों की शुरुआत वंदे मातरम से और समापन जन गण मन के साथ होगा। चौकसे ने कहा कि राष्ट्र सर्वोपरि है और धर्म या दलीय राजनीति उससे ऊपर नहीं हो सकती। हर व्यक्ति में राष्ट्रीयता का भाव होना आवश्यक है और उसे प्रकट करना भी उतना ही जरूरी है। कोई भी धर्म देश के सम्मान का गान करने से नहीं रोकता, इसलिए राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के प्रति सम्मान का भाव बनाए रखना चाहिए। अब कांग्रेस के हर कार्यक्रम और बैठक के पहले वंदे मातरम गीत गाना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि यदि किसी को वंदे मातरम कहने में तकलीफ है तो वह कांग्रेस की मीटिंग में नहीं आए। हमें यह याद रखना होगा कि धर्म की मान्यता से पहले राष्ट्र है और हमें राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए ही काम करना है।

कांग्रेस ने भी झाड़ा था पल्ला – बता दें कि कल कांग्रेस पार्षद रुबीना खान और फौजिया शेख द्वारा निगम बजट बहस के दौरान वंदे मातरम गाने से मना करने और अपनी धार्मिक भावनाएं आहत होने को लेकर की गई बयानबाजी के बाद कांग्रेस ने भी दोनों को आड़े हाथों लेते कहा था कि यह उनकी निजी राय हो सकती है, इससे कांग्रेस का कोई सरोकार नहीं है।

## व्यापार समाचार

# होर्मुज पर तनाव और युद्धविराम की आशंकाओं के चलते कच्चे तेल की कीमतों में आई 4 प्रतिशत तक की तेजी



नई दिल्ली (आरएनएस),। वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में गुरुवार को तेज उछाल देखने को मिला। पश्चिम एशिया से तेल सप्लाई पूरी तरह बहाल न होने की आशंका और अमेरिका-ईरान के बीच हुए दो हफ्ते के सीजफायर पर बने संदेह के चलते बाजार में चिंता बढ़ गई है, जिससे महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग होर्मुज जलडमरूमध्य पर प्रतिबंध जारी रहने की आशंका है।

अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड वायदा सुबह के समय 3.31 प्रतिशत बढ़कर 97.89 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। वहीं डब्ल्यूटीआई क्रूड 4.2 प्रतिशत उछलकर 98.38 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा था। पिछले दिन यानी बुधवार को कच्चे तेल की कीमतों में 20 प्रतिशत तक गिरावट आई थी और यह 100 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आ गया था, क्योंकि ऐसी उम्मीदें थीं कि अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर से तनाव कम होगा और होर्मुज स्ट्रेट फिर से खुल जाएगा। होर्मुज स्ट्रेट, जहां से इराक, सऊदी अरब, कुवैत और कतर जैसे देशों का तेल दुनिया भर में जाता है, इस पूरे विवाद का केंद्र बना हुआ है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, लेबनान में हिजबुल्लाह पर इजरायल के हमलों से तनाव और बढ़ गया है। वहीं कुवैत, बहरीन और यूएई में भी मिसाइल और ड्रोन हमलों की खबरें सामने आई हैं। बताया जा रहा है कि इन घटनाओं के बाद ईरान ने एक बार फिर होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर दिया है। शिपिंग कंपनियों का कहना है कि वे तब तक इस रास्ते से जहाज भेजने में हिचकिचा रही हैं, जब तक सीजफायर की शर्तें पूरी तरह साफ नहीं हो जातीं।

ईरान ने जहाजों को सुरक्षित रास्ता दिखाने के लिए नक्शे जारी किए हैं और अपने रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के साथ मिलकर सुरक्षित मार्ग तय किए हैं। इस बीच, क्षेत्र के तेल इंफ्रास्ट्रक्चर पर भी खतरा बना हुआ है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान ने सीजफायर के बाद पड़ोसी देशों में कुछ ठिकानों पर हमले किए, जिनमें सऊदी अरब की एक पाइपलाइन भी शामिल है। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी जहाज, विमान और सैन्य बल ईरान के आसपास तैनात रहेंगे।

शेयर बाजार की बात करें तो घरेलू बाजार में पिछले दिन की जबरदस्त तेजी के बाद फिर से गिरावट देखने को मिली। इस बीच खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स में 0.72 प्रतिशत या 550 से ज्यादा अंकों की गिरावट दर्ज की गई और यह 77,000 के करीब ट्रेड करता नजर आया, वहीं निफ्टी50 140 अंकों से ज्यादा यानी 0.50 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 23,800 के स्तर पर ट्रेड करता नजर आया। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी दिखी, जहां निक्केई, कोस्पी और हैंग सेंग जैसे प्रमुख सूचकांक 1 प्रतिशत तक गिर गए।

## एलपीजी की सप्लाई सुचारु रूप से जारी, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है : आईओसीएल

नई दिल्ली (आरएनएस),। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने बुधवार को कहा कि पूरे देश में एलपीजी की सप्लाई सुचारू रूप से चल रही है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। साथ ही, घरों के लिए सिलेंडरों की बिना किसी रुकावट के उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे प्रयास किए जा रहे हैं।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आईओसीएल ने ग्राहकों से शांत रहने और बेवजह बुकिंग से बचने की अपील की। कंपनी ने भरोसा दिलाया कि पर्याप्त सिलेंडर आसानी से उपलब्ध हैं और वितरण व्यवस्था भी ठीक से काम कर रही है।

आईओसीएल ने कहा कि एलपीजी की सप्लाई सुचारू है और पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। इंडियन ऑयल हर घर तक सिलेंडर आसानी से पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रहा है। कृपया शांत रहें और बेवजह बुकिंग से बचें।

## शेयर बाजार में तूफानी तेजी, निवेशक हुए मालामाल, मार्केट कैप करीब 17 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

मुंबई ,(आरएनएस),। भारतीय शेयर बाजार में बुधवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिली। दिन के अंत में सेंसेक्स 2,946.32 अंक या 3.95 प्रतिशत की तेजी के साथ 77,563.90 और निफ्टी 873.70 अंक या 3.78 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,997.35 पर था।

बाजार में चौतरफा तेजी देखी गई। इसका नेतृत्व रियल्टी और ऑटो स्टॉक्स ने किया। निफ्टी रियल्टी (6.75 प्रतिशत) और निफ्टी ऑटो (6.69 प्रतिशत) की मजबूती के साथ टॉप गेनर्स थे। निफ्टी प्राइवेट बैंक (5.56 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंशियल सर्विस (5.54 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (5.46 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरबेल्स (5.23 प्रतिशत) और निफ्टी इन्फ्रा (4.13 प्रतिशत) की मजबूती के साथ बंद हुआ।

कोई भी सूचकांक लाल निशान में बंद नहीं हुआ। लार्जकैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में मजबूत बढ़त देखी गई। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 2,198.95 अंक या 4.03 प्रतिशत की बढ़त के साथ 56,799.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 694.75 अंक या 4.39 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,538.05 पर था।

सेंसेक्स पैक में इंडिगो, एलएंडटी, बजाज फाइनेंस, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाइटन, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, इटरनल, कोटक महिंद्रा बैंक, एशियन पेंट्स, टाटा स्टील और एसबीआई गेनर्स थे। केवल टेक महिंद्रा, सन फार्मा और पावर ग्रिड ही लाल निशान में बंद हुए।

बाजार में तेजी के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का मार्केटकैप लगभग 17 लाख करोड़ रुपए बढ़कर करीब 446 लाख करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पहले 429 लाख करोड़ रुपए था। वेंचुरा के रिसर्च हेड विनीत बोलिंजकर ने कहा कि अमेरिका-ईरान के बीच युद्ध विराम से जोखिम में सुधार हुआ है और इससे कच्चे तेल की कीमतों में भी गिरावट आई है।

## घरेलू मांग और सेवा क्षेत्र भारत की अर्थव्यवस्था को बना रहे मजबूत, कर सुधारों ने बढ़ाया निवेशकों का भरोसा

वाशिंगटन ,,(आरएनएस), ।भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत घरेलू मांग, सेवाओं के निर्यात में लचीलापन और लगातार सुधारों के दम पर तेजी से आगे बढ़ रही है। सेवा क्षेत्र भारत की आर्थिक वृद्धि का प्रमुख इंजन बना हुआ है। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकारी प्रोत्साहन योजनाएं और निवेश में बढ़ोतरी इस वृद्धि को समर्थन दे रही हैं। उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजनाएं और बेहतर बुनियादी ढांचा उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाने में सहायक साबित हुए हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि निजी उपभोग अर्थव्यवस्था की वृद्धि का अहम आधार बना हुआ है। कम महंगाई, कर प्रणाली में सुधार और उपभोक्ता भरोसे में बढ़ोतरी के चलते खुदरा मांग स्थिर बनी हुई है। 2025 के अंत तक उपभोक्ता विश्वास महामारी के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

घरेलू मांग ने वस्तुओं के निर्यात में आई कमजोरी की भरपाई करने में मदद की है। टैरिफ संबंधी व्यवधानों से प्रभावित होकर माल की शिपमेंट में मामूली वृद्धि हुई, लेकिन सेवाओं का निर्यात मजबूत बना रहा और हाल के महीनों में इसमें लगभग 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

सूचना प्रौद्योगिकी और व्यावसायिक सेवाओं के विस्तार से न केवल निर्यात आय बढ़ी है, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली है। वहीं, विनिर्माण क्षेत्र में भी उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों के नेतृत्व में 2023 से 2025 के बीच विनिर्माण में

# सोने का भाव 1129 रुपए टूटा, चांदी में 4068 की गिरावट

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी में गुरुवार को सोने और चांदी के भाव गिरावट के साथ खुले। घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों में नरमी देखने को मिली, जिससे कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। गुरुवार को घरेलू वायदा बाजार में सोना और चांदी दोनों कमजोर रुख के साथ कारोबार करते नजर आए। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज आफ इंडिया (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट 1,129 रुपये की गिरावट के साथ 1,50,647 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,51,776 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट करीब 776 रुपये की गिरावट के साथ 1,51,000 रुपये के आसपास कारोबार कर रहा था। कारोबार के दौरान इसने 1,51,452 रुपये का उच्च और 1,50,647 रुपये का निचला स्तर छुआ। इस साल सोना 1,80,779 रुपये के उच्चतम स्तर तक पहुंच चुका है। चांदी के वायदा भाव में भी गिरावट दर्ज की गई। एमसीएक्स पर चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 4,068 रुपये टूटकर 2,35,850 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,39,918 रुपये था। खबर लिखे जाने के समय यह करीब 3,793 रुपये की गिरावट के साथ 2,36,125 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था। दिन के दौरान इसने 2,36,187 रुपये का उच्च और 2,35,133 रुपये का निचला स्तर छुआ।



# रुपया गिरावट पर बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गुरुवार को भारतीय रुपया सात पैसे की गिरावट के साथ ही 92.61 पर बंद हुआ। रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 17 पैसे टूटकर 92.71 प्रति डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में स्थिति नाजुक बनी रहने से बाजार मजबूत रुख अपनाने के बजाय 'प्रतीक्षा करो और देखो' की स्थिति में हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.63 पर खुला। फिर शुरुआती कारोबार में 92.71 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 17 पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 92.54 पर बंद हुआ था।

# शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

## सेंसेक्स 931 अंक, निफ्टी 222 अंक गिरा



मुम्बई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 931.25 अंक करीब 1.20 फीसदी की गिरावट के साथ 76,631.65 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 222.25 अंक तकरीबन 0.93 फीसदी नीचे आकर 23,775.10 पर बंद हुआ।

बाजार में ये गिरावट बैंकिंग शेयरों के कारण आई है। निफ्टी प्राइवेट बैंक 1.75 फीसदी की कमजोरी के साथ सबसे अधिक गिरा। इसके अलावा निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.41 फीसदी , निफ्टी पीएसयू बैंक 1.27 फीसदी, निफ्टी सर्विसेज 1.19 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 0.75 फीसदी और निफ्टी ऑयल एंड गैस 0.39 फीसदी नीचे आया।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी इंडिया डिफेंस 1.56 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.25 फीसदी, निफ्टी पीएसई 1.13 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 0.82 फीसदी, निफ्टी हेल्थकेयर 0.71 फीसदी और निफ्टी फार्मा 0.66 फीसदी उछलकर बंद हुआ।सेंसेक्स पैक में बीईएल, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, टीसीएस, एचसीएल टेक, टाटा स्टील और टेक महिंद्रा सबसे अधिक लाभ में रहे। इंडिगो, एलएंडटी, इटरनल, एचडीएफसी बैंक,आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एसबीआई, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, एमएंडएम और बजाज फिनसर्व सबसे अधिक नुकसान में रहे थे। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी उछाल आया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 179.25 अंक या 0.32 फीसदी की बढ़त के साथ 56,978.75 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.95 अंक या 0.17 फीसदी की तेजी के साथ 16,566 पर बंद हुआ।बाजार जानकारों के अनुसार मुनाफावसूली से भी बाजार गिरा है।

# सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है,
सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य

## युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही

*जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध संबंधी तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है।अमेरिका और इजराइल ने बिना विकिरण जैसे परिणामों की चिंता किए ईरान के परमाणु ठिकाने नांतेज पर बमबारी की। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल के परमाणु स्थल डिमोना पर मिसाइलें दागीं। दोनों हमलों में काफी नुकसान होने की खबरें हैं। इसके बाद डॉनल्ड ट्रंप ने ईरान के बिजली ग्रिड को तबाह करने की धमकी दी, तो जवाब में ईरान ने कहा कि ऐसा होने पर वह इजराइल और खाड़ी देशों में ना सिर्फ बिजली, बल्कि जल स्वच्छ करने के संयंत्रों पर भी निशाना साधेगा। इससे भड़के अमेरिकी राष्ट्रपति सांकेतिक भाषा में जो कहा, उसका यही अर्थ समझा गया है कि उन्होंने ईरान पर परमाणु बम गिराने की धमकी दी है।*

*दूसरे विश्व युद्ध में जापान के हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम से हुई तबाही देखने के बाद दुनिया में धारणा बनी थी कि मानव विवेक आगे कभी ऐसा नहीं होने देगा। वैसे, उस महायुद्ध के बाद दुनिया में युद्ध संबंधी नियम- कायदे भी बने। उनके मुताबिक नागरिक स्थलों, बिजली-पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं, स्कूल-अस्पताल आदि जैसी जगहों को सैन्य हमलों से दूर रखने पर सहमति बनी। मगर, आज ये सारी बातें जमींदोज हो गई लगती हैं। ईरान पर हमलों की शुरुआत होते ही अमेरिका- इजराइल ने मिनाब में छोटी बच्चियों के स्कूल पर हमला किया। उसके बाद से नागरिक स्थलों, अस्पतालों, ऊर्जा स्थलों एवं जल स्वच्छता केंद्रों पर निशाने साधे गए हैं। ईरान ने भी उनका जवाब उसी अंदाज में दिया है। और ये सिलसिला बढ़ते- बढ़ते अब परमाणु हमले की चर्चा तक पहुंच गया है। इस क्रम में ये कयास भी लगाए गए हैँ कि ईरान ने खुद अपनी तैयारी से या किसी अन्य स्रोत से व्यापक विनाश के अस्त्र जुटाए हुए हैं, जिनका इस्तेमाल वह आगे चल कर सकता है। ये बातें यही बताती हैं कि जैसे आज राष्ट्रीय संप्रभुता और अंतरराष्ट्रीय कानूनों को मजबूत देशों ने ताक पर रख दिया है, वैसे ही युद्ध के संबंध में तमाम वर्जनाएं टूट रही हैं। यह सभ्यता की ओर मानव समाज की आगे बढ़ी यात्रा की दिशा का पलट जाना है। आधुनिक युग में ऐसा होगा, पहले ये सोचना असंभव था!*

## होम्योपैथी - सूक्ष्मता की शक्ति, स्वास्थ्य की व्यापकता

**योगेश कुमार गोयल**

प्रतिवर्ष 10 अप्रैल को 'होम्योपैथी' के जनक माने जाने वाले जर्मन मूल के चिकित्सक, महान विद्वान, शोधकर्ता, भाषाविद और उत्कृष्ट वैज्ञानिक डा. क्रिश्चियन फ्रेडरिक सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिवस के अवसर पर 'विश्व होम्योपैथी दिवस' मनाया जाता है। होम्योपैथी को आधार बनाने के सिद्धांत से चिकित्सा विज्ञान की एक पूरी प्रणाली को प्राप्त करने का श्रेय डा. हैनीमैन को ही जाता है। इसीलिए उनके जन्मदिवस को 'विश्व होम्योपैथी दिवस' के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य चिकित्सा की इस अलग प्रणाली के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति तक इसकी पहुंच की सफलता दर को आसानी से बेहतर बनाना है। 10 अप्रैल 1755 को जन्मे डा. हैनीमैन के पास एमडी की डिग्री थी लेकिन उन्होंने बाद में अनुवादक के रूप में कार्य करने के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद उन्होंने अंग्रेजी, फ्रांसीसी, इतालवी, ग्रीक, लैटिन इत्यादि कई भाषाओं में चिकित्सा, वैज्ञानिक पाठ्यपुस्तकों को सीखा। होम्योपैथी एक ऐसी चिकित्सा पद्धति है, जो औषधियों तथा उनके अनुप्रयोग पर आधारित है। देश में प्रतिवर्ष केन्द्रीय आयुष मंत्रालय होम्योपैथी दिवस की थीम निर्धारित करता है और देशभर में यह विशेष दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व होम्योपैथी दिवस 'सतत स्वास्थ्य के लिए होम्योपैथी' विषय के साथ मनाया जा रहा है। विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर इस वर्ष डा. हैनीमैन की 271वीं जयंती मनाई जा रही है। इस दिवस के आयोजन का प्रमुख उद्देश्य भारत सहित दुनियाभर में होम्योपैथी औषधियों की सुरक्षा, गुणवत्ता और प्रभावकारिता को मजबूत करना, होम्योपैथी को आगे ले जाने की चुनौतियों और भविष्य की रणनीतियों को समझना, राष्ट्रीय नीतियों के विकास की रणनीति तैयार करना, अंतरपद्धति एवं अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान सहयोग, उच्चस्तरीय गुणवत्तापरक चिकित्सा शिक्षा, प्रमाण आधारित चिकित्सा कार्य और विभिन्न देशों में होम्योपैथी को स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में समुचित स्थान दिलाकर सार्वभौमिक स्वास्थ्य के लक्ष्य को प्राप्त करना है।

# आइए, हम मिलकर भारत की नारी शक्ति को सशक्त करें

नरेंद्र मोदी

21वीं सदी की विकास यात्रा में हमारा भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर आगे बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह ऐसा अवसर है, जब समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता एक नए रूप में सामने आएगीहै। यह ऐसा समय है, जब हमारे देश की संसद को एक महत्वपूर्ण दायित्व निभाना है। उसे ऐसा कदम आगे बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का यह निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं संस्थाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।

यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह ऐसे समय में आ रहा है जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है। आने वाले दिनों में भारत के अलग अलग हिस्सों में अनेक पर्व मनाए जाएंगे। असम के लोग रोंगाली बिहू मनाने वाले हैं, और ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति का उत्सव मनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरुआत होगी। केरलम में विषु पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में लोगों को बैसाखी के पर्व का इंतजार है। हमारे ये पावन पर्व हर किसी में एक नई आशा का संचार करने वाले हैं। भारत के साथ-साथ दुनियाभर में इन त्योहारों को मनाने वाले सभी लोगों को मैं हृदय से शुभकामनाएं देता हूं। मैं ये कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन अवसर हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं।

इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह भी शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम



भारतवासी डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की हैं।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच, 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारतवर्ष की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है।

हमारी नारीशक्ति देश की लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलॉजी से लेकर एंटरप्रेन्योरशिप तक, खेल के मैदान से लेकर सशस्त्र बलों तक और संगीत से लेकर कला के क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।

हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा से ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तिकरण के लिए एक अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया गया है, इसके लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं। शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती दी है।

लेकिन ये भी सच्चाई है कि इन सारे प्रयासों के बावजूद भी राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिलाओं प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी ऑफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, ये हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, अधिक संतुलित और अधिक उत्तरदायी बनाने का प्रयास है।

पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए हैं। समितियां गठित की गईं, विधेयकों के मसौदे प्रस्तुत किए गए, लेकिन वे कभी पारित नहीं हो सके। फिर भी, इस बात पर व्यापक सहमति रही है कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा है। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आने वाले समय में राज्यों के विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के प्रावधानों के साथ कराए जाएं।

महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर हमारे संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। हमारे संविधान निर्माताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी को सुनिश्चित करना, उस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता को स्वीकार किया गया है। इस पर चर्चा हुई है, इसे बार बार दोहराया गया है। अगर अब भी हम इसे आगे टालते हैं, तो उसका अर्थ यही होगा कि हम उस असंतुलन को और लंबा खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं। आज भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। इसलिए ये जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से हमारी आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें।

## (चिंतन-मनन) निराशा से होती है हार

नियति प्रम के निरंतर उल्लंघन से प्रकृति का अदृश्य वातावरण भी इन दिनों कम दूषित नहीं हो रहा है। भूकम्प, तूफान, बाढ़, विद्रोह, अपराध, महामारियां आदि पर नियंत्रण पाना कैसे संभव होगा, समझ नहीं आता। किंकर्त्तव्यविमूढ़ स्थिति में पहुंचा हतप्रभ व्यक्ति प्रमशः अधिक निराश होता है। इतना साहस और पराक्रम तो विरलों में होता है, जो आंधी, तूफानों के बीच भी आशा का दीपक जलाए रह सकें, गतिशीलता में कमी न आने दें। ऐसे व्यक्तियों को महामानव-देवदूत कहा जाता है पर वे यदाकदा ही प्रकट होते हैं। आज जनसाधारण का मानस ऐसे ही दलदल में फंसा है। होना तो चाहिए था कि अनौचित्य के स्थान पर औचित्य को प्रतिष्ठत करने के लिए साहसिक पुरुषार्थ जगता पर लोक मानस में उस स्तर का उच्च स्तरीय उत्साह नहीं उभर रहा है।

इन परिस्थितियों में साधारण जनमानस का निराश होना स्वाभाविक है। समझ लेना चाहिए कि निराशा हल्के दर्जे की बीमारी नहीं है, वह जहां भी जड़ जमाती है, घुन की तरह मजबूत शहतीर को भी खोखला करती जाती है। निराशा अपने साथ हार जैसे मान्यता संजोए रहती है। इतने दबावों से दबा आदमी स्वयं तो टूटता ही है, साथियों को भी तोड़ता है। इससे शक्ति का अपहरण होता है, जीवनी शक्ति जबाव दे जाती है, तनाव बढ़ते जाने से उद्विग्नता बनी रहती है और ऐसे रचनात्मक उपाय नहीं दिखते, जिनके सहारे तेज बहाव वाली नाव खेकर पार पाया जाता है। निराश व्यक्ति जीत की संभावना नकारने के कारण जीती बाजी हारते हैं। निराशा न किसी गिरे को ऊंचा उठने देती है और न प्रगति की किसी योजना को क्रियान्वित होने देती है। अस्तु, निराशा को छोटी बात न मानकर उसके निराकरण का हर क्षेत्र में प्रयत्न होता रहे। जहां भी निराशा का माहौल हो, उसके निराकरण का हर संभव उपाय करना चाहिए। इसका उपचार यही है कि प्रतिरोध में समर्थ चिंतन और पुरुषार्थ के लिए जन-जन की विचारशक्ति को उत्तेजित किया जाए।

*विशेष लेख: कभी बंदूक अब रोज़गार*

# आत्मसमर्पित माओवादियों का आजीविकामूलक गतिविधियों से सुधर रहा भविष्य

### मुख्यधारा में लौटे माओवादियों का शिक्षा पर भी विशेष ध्यान

जिन हाथों ने कभी बंदूक थामकर हिंसा की मार्ग अपनाया था, अब वहीं हाथ अपने हुनर का कमाल दिखा रहे हैं। भानुप्रतापपुर के पास ग्राम चौगेल के पुनर्वास केन्द्र में प्रशिक्षण प्राप्त आत्मसमर्पित नक्सलियों द्वारा हुनर दिखाते हुए काष्ठ कला से नेम प्लेट, छत्तीसगढ़ शासन का 'लोगो', ग्राम पंचायतों के लिए बोर्ड, बच्चों के लिए की-रिंग सहित अन्य सजावटी सामग्री तैयार की जा रही है, साथ ही कपड़े का थैला, कार्यालयों के लिए बस्ता भी तैयार किया जा रहा है। सरकार द्वारा घोषित नक्सल पुनर्वास नीति के तहत कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन कांकेर द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों को कुशल और दक्ष बनाने का सार्थक प्रयास किया जा रहा है। यहां पर उन्हें काष्ठशिल्प के साथ ही इलेक्ट्रिशियन, ड्रायविंग, सिलाई, राजमिस्त्री जैसे पाठ्यक्रमों का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कभी नक्सली गतिविधियों में संलिप्त रहे युवक-युवतियॉ अब विभिन्न व्यवसाय में दक्ष हो रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में शामिल होने के बाद आजीविकामूलक गतिविधियों से जुड़कर सम्मानपूर्वक जीवन निर्वाह कर सकें।

चौगेल कैंप बना कौशल प्रशिक्षण केंद्र

वर्षों से लाल आतंक के साए में हिंसा का दंश झेल रहा बस्तर संभाग अब विकास की ओर आगे बढ़ रहा है। शासन द्वारा नक्सल मुक्त बस्तर घोषित किया जा चुका है। हिंसा की राह त्यागकर मुख्यधारा में लौटे नक्सलियों को सरकार कौशल विकास का प्रशिक्षण दे रही है, ताकि वे सम्मानजनक जीवन व्यतीत कर सकें। आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुनर्वास नीति-2025 के अंतर्गत भानुप्रतापपुर विकासखंड के पास ग्राम चौगेल (मुल्ला) कैम्प में विभिन्न सृजनात्मक और रोजगारमूलक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कभी बीएसएफ का कैम्प रहा चौगेल (मुल्ला) का यह कैम्प अब हुनर सिखाने वाला गढ़ बन चुका है। यहां पर जिला प्रशासन द्वारा मुख्यधारा में लौटे 40 आत्मसमर्पित माओवादियों को अलग-अलग पाठयक्रमों जैसे- काष्ठ शिल्प, इलेक्ट्रिशियन, सिलाई, ड्राइविंग, राजमिस्त्री इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ ही उनकी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दी जा रही है। पढ़ने के लिए पाठ्य सामग्री, पुस्तकें, पेन-पेंसिल दिए गए हैं तथा पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षकों की व्यवस्था भी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों का नियमित रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यकतानुसार दवाईयां भी दी जाती हैं। कैम्प में मनोरंजनात्मक गतिविधियां जैसे कैरम, वाद्य यंत्र, विभिन्न प्रकार के खेल भी आयोजित किया जाता है। चौगेल पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, इलेक्ट्रिशियन, वाहन चालक के साथ ही कांकेर में घुड़सवारी का भी प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वर्तमान में सिलाई मशीन, काष्ठ शिल्प एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। स्वरोजगार के लिए सशक्त बनाने हेतु कृषि विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यानिकी, पशुधन विकास विभाग के साथ 'बिहान' के द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन भी किया गया है।

प्रशिक्षण उपरांत नियोजन करने वाला पहला जिला बना कांकेर

पुनर्वास केंद्र में प्रशिक्षण उपरांत नक्सली पीड़ित एवं आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार से जोड़ने वाला कांकेर पहला जिला बन चुका है। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने अपने हाथों से तीन नक्सली पीड़ित और एक आत्मसमर्पित नक्सली को निजी क्षेत्र में नौकरी के लिए नियुक्ति पत्र सौंपा, इनमें पुनर्वासित सगनूराम आंचला एवं नक्सल पीड़ित रोशन नेताम, बीरसिंह मंडावी और संजय नेताम शामिल थे। इन सभी को निजी फर्म का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया, जहां उन्हें 15 हजार रूपए प्रतिमाह मानदेय और अन्य प्रकार की वित्तीय सुविधाएं प्राप्त होंगी। इन्होंने चौगेल कैम्प में असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था तथा उन्हें निजी क्षेत्र में नियोजित किया गया है। मुख्यधारा में लौटकर प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार प्रदान करने के मामले में उत्तर बस्तर कांकेर पहला जिला है।




मेष राशि- आज आपका दिन सुनहरा गुजरेगा। आज किसी घनिष्ठ मित्र के सहयोग से बेकरी का बिजनेस करने वालों को दोगुना मुनाफा होने का योग है और आपकी आर्थिक बेहतर होगी। आज आपको जीवन में मौज-मस्ती के कुछ बेहतर मौका मिल सकते हैं।

वृष राशि- आज आपका दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आपको अपने करियर में बदलाव लाने के लिए कुछ नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। इस राशि के जातकों को राजनीति के क्षेत्र में सफलता मिल मिलेगी। जीवनसाथी से मनपसंद की कोई चीज उपहार में मिल सकती है। आज आपके सारे रुके हुए जरूरी काम पूरे हो जाएंगे। आज आपको उम्मीद अधिक धनलाभ होने की संभावना है। सेहत के लिहाज से आज का दिन ज्यादा अच्छा रहेगा।

मिथुन राशि- आज आपका दिन सामान्य रहेगा। सॉफ्टवेयर इंजीनीयर्स को किसी बड़ी कंपनी से जॉब ऑफर हो सकती है और आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आप किसी काम के लिए जितना ज्यादा प्रयास करेंगे, काम उतना ही बेहतर तरीके से होगा। लेकिन आज काम ज्यादा और लाभ कम, इस तरह की समस्या भी उत्पन्न हो सकती है। आज आपको वाहन चलाते समय थोड़ी सावधानी बरतने की आवश्यकता है।

कर्क राशि- आज का दिन आपके शुभ फलदायी रहेगा। आज आपके कारोबार में आपको लाभ ही लाभ होता नजर आएगा। आज दोस्तों के साथ बिगड़े हुए रिश्तों में भी सुधार आ सकता है। आपका भौतिक सुख-सुविधाओं की तरफ रुझान बढ़ सकता है। अगर आज आपके मन में कोई बात दबी हुई हो तो उसे खुलकर सामने लाए अपनी मां से जरूर शेयर करें।

सिंह राशि- आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज का दिन कुछ खास कामों के लिए दिन बेहतर है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यापार के सिलसिले में आज आप यात्रा पर भी जा सकते है, आपकी यात्रा सुखद रहेगी। अ

कन्या राशि- आज का दिन आपके लिए लकी होने वाला है। काफी दिनों से रुका हुआ पैसा आज वापस मिलेगा। आज आपको शैक्षिक के क्षेत्र में उन्नति मिल मिलेगी। लोग आपकी योजनाऔ से काफी प्रभावित होंगे। आर्थिक पक्ष आज मजबूत रहेगा। आपका कॉन्फिडेंस लेवल बढ़िया रहेगा , आज जो भी काम आप करेंगे उसमें कामयाबी अवश्य मिलेगी।

तुला राशि- आज का दिन आपके फेवर में रहेगा। आज आप किसी भी जरूरी कामकाज को निपटाने में सफल होगें। आज ऑफिशियल कामों में आप अधिक व्यस्त रहेंगे साथ ही आज कोई बड़ा और अलग काम करने से आपको बचना चाहिए। परिवार में आपसे छिपाई गई कुछ बातें आज आपके सामने भी आ सकती है।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक रहेगा। आज किसी मित्र की मदद से आपके बिगड़े हुए काम भी काम बनेंगे। किसी दूसरे का उत्साह देखकर आप उत्साहित हो सकते हैं। इस राशि के स्टूडेंट्स अगर किसी नये कोर्स में एडमिशन लेना चाह रहे हैं, तो आज का दिन बेहद शुभ है। साहित्य से जुड़े लोगों को उनकी काबिलीयत के लिए सम्मानित किया जा सकता है। आज आप दूसरों की जरूरतों को पूरा करने का हर संभव प्रयास करेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज आपको अचानक से धन लाभ होने की संभावना है। आय के कुछ नए स्रोत सामने आएंगे। ऑफिस का काम रोज की तुलना में बेहतर तरीके से होगा। कार्य योजनाएँ आज समय से पूरे हो जाएंगी। कार्यक्षेत्र में आपको अच्छी-खासी सफलता मिलेगी। फैशन डिजाइनिंग से जुड़े क लोगों आज सफलता के नए स्रोत मिलेंगे। आपका जीवनसाथी आपकी बहुत तारीफ करेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन मिला-जुला अनुभव देने वाला रहेगा। अगर आप संगीत के क्षेत्र से जुड़े हैं, तो आपको तरक्की के कई नये रास्ते नजर आ सकते हैं। आज आपको अपने जीवनसाथी से कोई ऐसी चीज भी मिल सकती है, जिसका आपको बहुत दिनों से इंतजार था।

कुंभ राशि- आज आपकी किस्मत आपका साथ देगी। आपके सोचे हुए सारे काम पूरे होंगे। इसके अलावा आज आप किसी नए काम की शुरुआत करने के बारे में भी विचार कर सकते है। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में मधुरता आएगी। आपके मन में सकारात्मकता रहेगी।

मीन राशि- आज आपके मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। आपको ऑफिस में अपने काम की प्रशंसा के लिये थोड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है। आपको अपनी मेहनत का फल जरूर मिलेगा। इस राशि के व्यापारी वर्ग को धन लाभ के मौके मिल सकते हैं। लेकिन जिम्मेदारियों के बोझ से आपका मूड थोड़ा खराब हो सकता है, लेकिन शाम तक मूड ठीक हो जाएगा।

# अमेरिका ईरान युद्धविराम से उभरती नई विश्व व्यवस्था की दिशा

**कांतिलाल मांडोत**

मध्य पूर्व में पिछले चालीस दिनों से जारी तनाव और संघर्ष के बाद जब अमेरिका और ईरान के बीच दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा हुई, तो यह केवल दो देशों के बीच शांति का क्षण भर का प्रयास नहीं था, बल्कि वैश्विक राजनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में सामने आया। इस संघर्ष ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को चुनौती दी, बल्कि विश्व अर्थव्यवस्था, ऊर्जा आपूर्ति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों पर भी गहरा प्रभाव डाला। ऐसे में यह युद्धविराम आशा की एक किरण के रूप में देखा जा रहा है, किंतु इसके पीछे छिपी जटिलताएं और भविष्य की अनिश्चितताएं भी उतनी ही गंभीर हैं।

इस पूरे घटनाक्रम में डोनाल्ड ट्रम्प की भूमिका विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। उन्होंने इस समझौते को वैश्विक शांति के लिए एक ऐतिहासिक कदम बताया और यह भी स्पष्ट किया कि यह निर्णय अचानक नहीं बल्कि कई स्तरों पर कूटनीतिक प्रयासों के बाद संभव हो पाया। इस प्रक्रिया में पाकिस्तान की मध्यस्थता और उसके नेतृत्व, विशेषकर शहबाज शरीफ की पहल को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह दर्शाता है कि क्षेत्रीय शक्तियां अब केवल दर्शक नहीं रह गई हैं, बल्कि वे वैश्विक संकटों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

युद्धविराम से पहले की स्थिति अत्यंत तनावपूर्ण थी। होर्मुज स्ट्रेट, जो विश्व की ऊर्जा आपूर्ति का एक प्रमुख मार्ग है, संघर्ष का केंद्र बन गया था। इस जलडमरूमध्य से तेल और गैस के जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बाधित होने का खतरा वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए गंभीर संकट उत्पन्न कर सकता था। अमेरिका की ओर से कड़ी चेतावनियां और ईरान की ओर से जवाबी रुख ने स्थिति को और अधिक विस्फोटक बना दिया था। ऐसे में युद्धविराम ने न केवल सैन्य टकराव को रोका, बल्कि ऊर्जा आपूर्ति की निरंतरता को भी सुनिश्चित करने की दिशा में राहत प्रदान की।

ईरान द्वारा प्रस्तुत दस सूत्रीय प्रस्ताव इस पूरे समझौते का एक महत्वपूर्ण आधार बनकर उभरा है। इस प्रस्ताव में आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने, फ्रीज की गई संपत्तियों की वापसी, क्षेत्र से विदेशी सैन्य बलों की वापसी और युद्ध के स्थायी अंत की मांग शामिल है। यह स्पष्ट करता है कि ईरान केवल अस्थायी शांति नहीं, बल्कि दीर्घकालिक समाधान चाहता है। वहीं दूसरी ओर अमेरिका के लिए यह स्थिति एक संतुलन साधने की चुनौती है, जहां उसे अपनी रणनीतिक प्राथमिकताओं और अंतरराष्ट्रीय दबावों के बीच सामंजस्य स्थापित करना होगा। इस युद्धविराम के बावजूद क्षेत्र में पूर्ण शांति स्थापित होना अभी दूर की बात प्रतीत होती है। इजराइल ने स्पष्ट कर दिया है कि यह समझौता लेबनान जैसे क्षेत्रों पर लागू नहीं होता, जहां हिजबुल्लाह के साथ उसका संघर्ष जारी रह सकता है। इससे यह संकेत मिलता है कि मध्य पूर्व का संकट केवल दो देशों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह कई परस्पर जुड़े हुए संघर्षों का जटिल जाल है।

इस घटनाक्रम में अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यदि भविष्य में कोई स्थायी समझौता होता है, तो इस संस्था पर यह जिम्मेदारी होगी कि वह परमाणु कार्यक्रम से जुड़े नियमों के पालन की निगरानी करे। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि वैश्विक संस्थाएं आज भी शांति स्थापना में एक केंद्रीय भूमिका निभा सकती हैं, बशर्ते उन्हें सभी पक्षों का सहयोग प्राप्त हो।

भारत सहित कई देशों ने इस युद्धविराम का स्वागत किया है। भारत के लिए यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि उसकी ऊर्जा आवश्यकताओं का एक बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से आता है। इसके अलावा वहां रहने वाले भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भी एक प्रमुख चिंता का विषय रही है। ऐसे में युद्धविराम से भारत को न केवल आर्थिक बल्कि मानवीय दृष्टिकोण से भी राहत मिली है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि इस संघर्ष ने वैश्विक राजनीति में शक्ति संतुलन को लेकर नए प्रश्न खड़े किए हैं। चीन की परोक्ष भूमिका और उसकी बढ़ती कूटनीतिक सक्रियता यह संकेत देती है कि विश्व अब एकध्रुवीय नहीं रहा। विभिन्न शक्तियां अपने-अपने हितों के अनुसार नए गठजोड़ और रणनीतियां बना रही हैं, जिससे अंतरराष्ट्रीय संबंधों का स्वरूप लगातार बदल रहा है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि अमेरिका और ईरान के बीच हुआ यह युद्धविराम केवल एक अस्थायी राहत है, न कि स्थायी समाधान। यह एक अवसर है, जिसका उपयोग यदि सभी पक्ष समझदारी और दूरदर्शिता के साथ करें, तो यह क्षेत्र में स्थायी शांति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकता है। लेकिन यदि इस अवसर को खो दिया गया, तो यह संघर्ष पुनः भड़क सकता है, जिसके परिणाम और भी अधिक विनाशकारी हो सकते हैं।

इसलिए आवश्यक है कि सभी संबंधित देश अपने तात्कालिक हितों से ऊपर उठकर व्यापक मानवता और वैश्विक स्थिरता को प्राथमिकता दें। संवाद, सहयोग और विश्वास ही ऐसे साधन हैं, जिनके माध्यम से इस प्रकार के जटिल संघर्षों का स्थायी समाधान संभव है। यही इस युद्धविराम का सबसे बड़ा संदेश और भविष्य की सबसे महत्वपूर्ण दिशा भी है।





## सीएम योगी बोले - बुनकरों की आय, सम्मान और स्थायित्व सुनिश्चित करना हमारी प्राथमिकता

लखनऊ (आरएनएस)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बुनकर केवल परंपरा के संवाहक नहीं, बल्कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था के सशक्त आधार हैं। ऐसे में उनकी आय, सम्मान और आजीविका की स्थिरता सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में बुनकरों के सामने कच्चे माल की बढ़ती लागत, डिजाइन और आधुनिक तकनीक का अभाव तथा सीमित बाजार पहुंच जैसी चुनौतियां हैं। इन समस्याओं का समाधान केवल योजनागत सहायता से नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ एवं समन्वित तंत्र विकसित कर ही संभव है। मुख्यमंत्री ने इस दिशा में परिणामोन्मुख, क्लस्टर-आधारित नई कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।

गुरुवार को हथकरघा विभाग की समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि प्रदेश में लगभग 1.99 लाख बुनकर कार्यरत हैं और उत्तर प्रदेश इस क्षेत्र में देश में छठवें स्थान पर है। कालीन, दरी एवं मैट के उत्पादन में प्रदेश अग्रणी है, जबकि बेडशीट, फर्निशिंग और ब्लैंकेट जैसे उत्पादों में भी राज्य की मजबूत उपस्थिति है। वर्ष 2024-25 में देश का कुल हथकरघा निर्यात 1178.93 करोड़ रहा, जिसमें उत्तर प्रदेश का योगदान 109.40 करोड़ (लगभग 9.27 प्रतिशत) रहा।

## कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने खटखटाया तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा, अग्रिम जमानत की मांग की

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. असम पुलिस के एफआईआर दर्ज होने के बाद बुधवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। इस मामले में उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा और उनकी पत्नी रिनिकी भुयन सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। कांग्रेस नेता ने हाईकोर्ट से उनके खिलाफ दर्ज मामले में अग्रिम जमानत की मांग की है। दरअसल पवन खेड़ा अपने खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. दरअसल पवन खेड़ा अपने खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर तेलंगाना हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है. उन्होंने इस एफआईआर को लेकर अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है।

इसके बाद कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, 'असम के मुख्यमंत्री ने मेरे पीछे पुलिस भेजी। पत्नी के पासपोर्ट और विदेशी संपत्तियों के बारे में सवालों का जवाब नहीं दिया।' उन्होंने आगे कहा, असम के मुख्यमंत्री की पत्नी की व्योमिंग (अमेरिकी राज्य) में रजिस्ट्रर्ड कंपनी के लंदन, दुबई और ढाका में पते दर्ज हैं।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की मुश्किलें लगातार बढ़ती नजर आ रही हैं. कांग्रेस नेता अपनी गिरफ्तारी से बचने के लिए अग्रिम जमानत याचिका दाखिल की है. उन्होंने यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब असम पुलिस की क्राइम ब्रांच उनकी तलाश में देशभर में सक्रिय है।

## तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप कैंपर ने दो महिलाओं को रौंदा, मौके पर हुई मौत

गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (आरएनएस)। गौरेला थाना क्षेत्र में आज सुबह एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को स्तब्ध कर दिया। मॉर्निंग वॉक पर निकली दो महिलाओं को एक अनियंत्रित पिकअप कैंपर वाहन ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना आज सुबह करीब 6:15 बजे की है। गौरेला सारबहरा रोड निवासी बेला बाई पनसारी और सुशीला वर्मा रोज की तरह सुबह सैर के लिए निकली थीं। जब वे आईटीआई सेमरा के पास मेन रोड पर टहल रही थीं, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप कैंपर वाहन (क्रमांक M P 21 G 0992) ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया।

## सैनिक स्कूल कपूरथला की कमान अब ग्रुप कैप्टन आई मनोज मेनन के हाथ, 21वें प्रधानाचार्य के रूप में संभाला पदभार

कपूरथला,(आरएनएस)। ग्रुप कैप्टन आई मनोज मेनन ने सैनिक स्कूल , कपूरथला के 21 वें प्रधानाचार्य (प्रिंसिपल) के रूप में पदभार ग्रहण किया है। बताते चलें कि स्कूल एनसीसी की ओर से प्रस्तुत गार्ड ऑफ ऑनर का नव प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन आई मनोज मेनन ने निरीक्षण किया और प्रसन्नता व्यक्त की। इस दौरान स्कूल बैंड टीम की ओर से प्रस्तुत बैंड धुन ने सबका मन मोह लिया। इसके पहले उन्होंने स्कूल अवस्थित सैकप स्मृति स्थल पर जाकर फूल- माला अर्पित करके शहीदों को नमन किया।इस क्रम में प्रधानाचार्य ग्रुप कैप्टन मेनन ने कहा कि मुझे बहुत ही गर्व और उत्साह है कि मैं सैनिक स्कूल कपूरथला में बतौर प्रिंसिपल की भूमिका निभा रहा हूँ। मैं उन मूल्यों और सिद्धांतों में पूरे दिल से विश्वास करता हूँ जिन्हें यह प्रतिष्ठित संस्थान कायम रखता है। मैं प्रत्येक कैडेट की प्रतिभा का पोषण करते हुए उसकी उत्कृष्टता और अनुशासन की विरासत को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हूँ। जानकारी हो कि शिक्षा के क्षेत्र में इनका शानदार करियर रहा है तथा इनकी दूरदृष्टि, देन और नेतृत्व क्षमता के लिए भारतीय वायु सेना में ये विशेष रूप से लोकप्रिय रहे हैं । विदित हो कि समावेशिता की संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा दिमाग को चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए प्रेरित करने का इनका दृष्टिकोण निसंदेह इस संस्थान की प्रतिष्ठा को मजबूत करेगा।

# विकसित भारत के लिए मातृशक्ति का सामर्थ जरूरी, पीएम मोदी का महिला आरक्षण विधेयक पर राष्ट्र को संदेश



नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक पर राष्ट्र के नाम संदेश साझा किया है। उन्होंने कहा कि अगर हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें हमारी मातृशक्ति को उनके पूर्ण सामर्थ के साथ राष्ट्र के विकास में जोड़ना ही होगा। अपने वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, माताओं, बहनों और बेटियों से एक बात करना चाहता हूं। भारत ने तय किया है कि 2047 में जब भारत की आजादी के 100 साल होंगे, तब तक हमें विकसित भारत बनाकर रहना है। मैं दो-ढाई दशक के सरकार प्रमुख के रूप में अपने अनुभव के आधार पर कह सकता हूं कि अगर हमें विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना है तो हमें हमारी मातृशक्ति को उनके पूर्ण सामर्थ के साथ राष्ट्र के विकास में जोड़ना ही होगा। उन्होंने अपने संदेश में कहा, हमने कुछ समय पहले नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। सभी राजनीतिक दलों ने सहमति से किया था। सबकी इच्छा है कि 2029 में, जब लोकसभा के चुनाव होंगे, तब हमारी देश की नारीशक्ति को जनप्रतिनिधि के रूप में लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत स्थान मिलना ही चाहिए।

पीएम मोदी ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से सभी राजनीतिक दलों के साथ बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, ज्यादातर दलों ने समर्थन दिया है। एक बहुत ही सकारात्मक माहौल दिख रहा है। इन्हीं विषयों को लेकर आज अखबारों में एक लेख लिखा है। मैंने अपने विचार साझा किए हैं।

प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी इस लेख को जरूर पढ़ें और दूसरों को भी पढ़ने के लिए प्रेरित करें। सभी राजनीतिक दलों को प्रेरित करें और उनका उत्साहवर्धन करें, ताकि वे उमंग के साथ 16, 17 और 18 अप्रैल को संसद में इस विधेयक को पारित कराएं। हम सभी मिलकर इसका जश्न मनाएं।

इसके साथ ही, पीएम मोदी ने अपने फेसबुक पोस्ट में लिखा, महिलाओं के लिए विधायी संस्थाओं में आरक्षण समय की मांग है। इससे हमारा लोकतंत्र और अधिक जीवंत एवं सहभागी बनेगा। इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी तरह की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विधायी संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है

नई दिल्ली (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक के माध्यम से भारतीय लोकतंत्र को अधिक जीवंत एवं सहभागी बनाने पर एक आलेख में अपने विचार साझा किए।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि भारतीय लोकतंत्र को और अधिक जीवंत और सहभागी बनाने के लिए विधायी संस्थाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण समय की मांग है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी प्रकार की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी। उन्होंने इस विषय पर अपने विस्तृत विचार और दृष्टिकोण हाल ही में प्रकाशित एक ओप-एड आलेख के माध्यम से साझा किए।महिलाओं के लिए विधायी संस्थाओं में आरक्षण समय की मांग है! इससे हमारा लोकतंत्र और अधिक जीवंत एवं सहभागी बनेगा। इस आरक्षण को लागू करने में किसी भी तरह की देरी अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण होगी। इसी को लेकर मैंने अपने विचार इस आलेख में साझा किए हैं।



राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का एक प्रतिनिधिमंडल, जिसकी अगुवाई अध्यक्ष अंतर सिंह आर्य ने की, नई दिल्ली में द्रौपदी मुर्मू से मिला और उन्हें वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

## अनुशासन केवल छोटे कर्मचारियों के लिए नहीं, कमिश्नर तक पर लागू होगा : सीएम रेखा गुप्ता



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली की मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आईटीओ स्थित स्टेट जीएसटी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। वहां कई बड़े-छोटे अधिकारी अनुपस्थित मिले। मुख्यमंत्री ने सभी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार लापरवाही और अकर्मण्यता को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उनके निरीक्षण का उद्देश्य केवल व्यवस्थाओं की समीक्षा नहीं, बल्कि सरकारी कामकाज में जवाबदेही और अनुशासन सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री ने कई वरिष्ठ अधिकारियों तक को तय समय पर अपनी सीटों से अनुपस्थित पाया, जिस पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने स्पष्ट किया कि अनुशासन केवल निचले कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर स्तर तक हर अधिकारी पर समान रूप से लागू होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बायोमेट्रिक हाजिरी आवश्यक है और सभी विभाग सुनिश्चित करें कि बायोमेट्रिक सिस्टम का गंभीरता से पालन हो। मुख्यमंत्री ने मौके पर निर्देश जारी किए कि जो भी स्टाफ अनुपस्थित है, उन्हें तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होंने सभी कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति का अपडेट मांगा और बायोमेट्रिक आधार पर पिछले एक महीने का रिकॉर्ड तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए ताकि जिम्मेदारी तय की जा सके।

## यमुना स्वच्छता के लिए दिल्ली सरकार का बड़ा संकल्प, 'ग्रीन बजट' का बड़ा हिस्सा यमुना सफाई के लिए आवंटित

नई दिल्ली,(आरएनएस)। दिल्ली की माननीय उपराज्यपाल सरदार तरनजीत सिंह संधू और मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता ने आईएसबीटी, कश्मीरी गेट के सामने स्थित वासुदेव घाट तथा हनुमान मंदिर के सामने स्थित यमुना बाजार घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान घाटों की स्वच्छता व्यवस्था, आधारभूत ढांचे के विकास तथा यमुना पुनर्जीवन से जुड़े चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य यमुना रिवरफ्रंट विकास की प्रगति की समीक्षा करना और आगामी मानसून व ग्रीष्मकालीन चुनौतियों के लिए विभागों की तैयारियों का जायजा लेना था।दोनों स्थलों का निरीक्षण करने के बाद उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री ने वासुदेव घाट, जिसे दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) द्वारा विकसित किया गया है और यमुना बाजार घाट के बीच के स्पष्ट अंतर को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वासुदेव घाट, असिता, बनसेरा और यमुना बायोडायवर्सिटी पार्क जैसे विकसित घाट अब पर्यावरण-अनुकूल, सतत और हरित सार्वजनिक स्थलों के रूप में उभर चुके हैं।

## विक्रम मिस्री का तीन दिन का अमेरिका दौरा; वार्ता में व्यापार, प्रौद्योगिकी और रक्षा पर जोर

*नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत और अमेरिका अपने कई क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ाने के लिए बातचीत कर रहा है। भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अपने तीन दिवसीय अमेरिकी दौरे के दौरान कई उच्चस्तरीय बैठकें की। दोनों देशों ने व्यापार, रक्षा और जरूरी तकनीक के मामले में बातचीत बढ़ाई है। यह बातचीत पेंटागन और भारत के वाणिज्य विभाग के बीच हुई। इसके साथ ही व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने के लिए एक नए डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचने वाली पहल पर भी चर्चा की गई।भारत के विदेश सचिव मिस्री और अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने मिलकर भारत-अमेरिकी व्यापार फैसिलिटेशन पोर्टल लॉन्च किया। अमेरिका में भारतीय दूतावास ने इसे भारत और अमेरिका के बीच व्यापार की पूरी क्षमता को खोलने की दिशा में एक और कदम बताया।*

## बंगाल चुनाव : जेल से बाहर आते ही राकेश सिंह बने भाजपा उम्मीदवार, कोलकाता पोर्ट सीट से लड़ेंगे चुनाव




नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में कोलकाता पोर्ट सीट से राकेश सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है। इसके साथ ही पार्टी ने राज्य की कुल 294 विधानसभा सीटों में से 293 सीटों पर अपने प्रत्याशियों के नाम जारी कर दिए हैं।

इस बीच, भाजपा नेता राकेश सिंह दोपहर को प्रेसिडेंसी जेल से रिहा हुए। उन्हें कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा अंतरिम जमानत प्रदान की गई थी, ताकि वे कोलकाता पोर्ट सीट से चुनाव लड़ सकें। जेल से बाहर आते ही उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया , जिससे उनके प्रति स्थानीय स्तर पर समर्थन का अंदाजा लगाया जा सकता है।

हालांकि रिहाई के समय तक भाजपा ने औपचारिक रूप से उन्हें उम्मीदवार घोषित नहीं किया था लेकिन पार्टी ने उच्च न्यायालय को पहले ही सूचित कर दिया था कि राकेश सिंह ही इस सीट से उसके उम्मीदवार होंगे। अब आधिकारिक घोषणा के बाद यह स्थिति स्पष्ट हो गई है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल निर्धारित की गई है और उम्मीद है कि राकेश सिंह उसी दिन अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

न्यायमूर्ति कौसिक चंदा ने अपने जमानत आदेश में यह स्पष्ट किया कि यदि राकेश सिंह को पार्टी से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन नहीं मिलता है, तो राज्य सरकार उनकी जमानत रद्द करने के लिए आवेदन कर सकती है। इस टिप्पणी से अदालत ने यह सुनिश्चित करने की कोशिश की है कि जमानत का उद्देश्य केवल चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी तक सीमित रहे।

वहीं, राज्य सरकार ने राकेश सिंह की जमानत का विरोध करते हुए उनके आपराधिक रिकॉर्ड का हवाला दिया। सरकार के अनुसार, चुनाव आयोग के पोर्टल पर सिंह को अपराधिक रिकॉर्ड रखने वाले और उपद्रवी के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

## आधी रात को महिलाओं के अंडरगारमेंट्स चुराता है यह मनोरोगी, सीसीटीवी में कैद घिनौनी करतूत देख हर कोई हैरान

चामराजनगर ,(आरएनएस)। कर्नाटक के चामराजनगर जिले से एक बेहद शर्मनाक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां की एक हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में एक अज्ञात मनोरोगी ने स्थानीय महिलाओं की रातों की नींद उड़ा दी है। यह शख्स न सिर्फ रात के अंधेरे में महिलाओं के अंत:वस्त्र (अंडरगारमेंट्स) चुराता है, बल्कि उन्हें सरेआम पहनकर ऐसी घिनौनी हरकतें करता है जिसे सुनकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएं। इस सनसनीखेज घटना के सामने आने के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।कॉलोनी के लोगों ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से घरों के बाहर तार पर सूखने के लिए डाले गए महिलाओं के कपड़े रहस्यमय तरीके से गायब हो रहे थे। शुरुआत में स्थानीय लोगों ने इसे कोई मामूली चोरी समझा और ज्यादा ध्यान नहीं दिया। लेकिन जब यह सिलसिला लगभग रोज का हो गया, तो निवासियों का शक गहरा गया। असलियत का पता लगाने के लिए जब लोगों ने अपने घरों के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, तो उसमें दिखा खौफनाक नजारा देखकर सबके पैरों तले जमीन खिसक गई।सीसीटीवी फुटेज में साफ तौर पर देखा जा सकता है कि यह मनोरोगी शख्स देर रात को बाकायदा महिला के वेश में कॉलोनी में दाखिल होता है। इसके बाद वह बड़ी चालाकी से टोह लेते हुए घरों के बाहर सूख रहे महिलाओं के अंत:वस्त्र चुराता है।

## रात 12 बजे सड़क किनारे बाइक रोककर लैपटॉप पर काम करते युवक का वीडियो वायरल, कॉर्पोरेट कल्चर की कड़वी सच्चाई

नई दिल्ली,(आरएनएस)। आज के दौर में नौकरीपेशा लोगों पर काम का दबाव इस कदर बढ़ गया है कि उनके लिए ऑफिस और निजी जिंदगी के बीच की लकीर लगभग मिट सी गई है। इसी खौफनाक सच्चाई को बयां करता एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसने हर किसी को हैरान करने के साथ-साथ सोचने पर मजबूर कर दिया है। वायरल वीडियो में एक युवक आधी रात को करीब 12:15 बजे अपनी बाइक पर बैठकर लैपटॉप पर काम करता हुआ नजर आ रहा है। जब पूरा शहर गहरी नींद में सो रहा था, उस वक्त यह शख्स सड़क किनारे अपनी मोटरसाइकिल पर बैठकर पूरी तरह से काम में डूबा हुआ दिखा।

***चेहरे पर साफ दिखी थकान, कैप्शन ने खींचा लोगों का ध्यान***




इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो का कैप्शन लोगों का खूब ध्यान खींच रहा है। वीडियो शेयर करते हुए लिखा गया है- 'रात के 12 बजे बाइक पर रोमांस नहीं, लैपटॉप के साथ फाइनेंस चल रहा है।' यह लाइन पढ़ने और सुनने में भले ही थोड़ी मजाकिया लगे, लेकिन इसके पीछे छिपी काम के भारी दबाव की सच्चाई बेहद गंभीर और डराने वाली है। वीडियो में जब कैमरा इस युवक की तरफ मुड़ता है, तो वह पल भर के लिए ऊपर देखकर हल्की सी मुस्कान दे देता है। हालांकि, उसके चेहरे पर साफ झलक रही थकान चीख-चीख कर बता रही है कि वह लंबे समय से बिना थमे काम कर रहा है।

**किसी ने कहा 'घर जाओ', तो किसी ने बताया जानलेवा लापरवाही**

इस वायरल वीडियो ने इंटरनेट पर एक नई बहस छेड़ दी है और लोग इस पर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। कुछ यूजर्स इसे भारतीय कॉर्पोरेट कल्चर की कड़वी सच्चाई बता रहे हैं, तो एक यूजर ने चिंता जताते हुए लिखा, 'भाई घर जाकर सो जाओ।' वहीं, कई लोगों ने सड़क पर इस तरह से लैपटॉप खोलकर काम करने को बेहद खतरनाक भी बताया है। उनका तर्क है कि रात के अंधेरे में सड़क किनारे ऐसा करने से न सिर्फ सड़क हादसों का खतरा बढ़ता है, बल्कि लगातार काम का यह बोझ मानसिक और शारीरिक सेहत के लिए भी बहुत नुकसानदायक है।



केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (राम विलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने शिलांग में मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा से मुलाकात की।

## शहनाज गिल के कातिलाना अंदाज से नजरें हटाना मुश्किल, व्हाइट मरमेड स्कर्ट में सोशल मीडिया पर लगाई आग



पंजाबी एक्ट्रेस शहनाज गिल एक बार फिर अपने स्टाइलिश अंदाज से चर्चा में आ गई हैं. बिग बॉस 13 से घर-घर में पहचान बनाने वाली शहनाज ने हाल ही में अपने लेटेस्ट फोटोशूट से फैंस का दिल जीत लिया. सफेद रंग के खूबसूरत आउटफिट में उनका ग्लैमरस और एलिगेंट लुक दिखाई दे रहा है. साथ ही उनका पोज पूरे पर्सनैलिटी को और निखार रहा है. उनका ये लुक सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे.शहनाज ने इस फोटोशूट में व्हाइट कलर का स्टाइलिश आउटफिट पहना है. उनका पप्लम स्टाइल टॉप और नीचे फिटेड मरमेड स्कर्ट उन्हें एक परफेक्ट फिगर दे रही है.उनके टॉप की नेकलाइन पर क्रिस्टल डिटेलिंग की गई है, जो इस आउटफिट की सबसे खास बात है. यह छोटा सा डिजाइन उनके पूरे लुक में एक ग्लैमरस टच जोड़ता है और सिंपल ड्रेस को भी हाई-फैशन बना रहा है.शहनाज ने अपने बालों को खुले रखा है, जो हल्के वेव्स के साथ बहुत नैचुरल और सॉफ्ट लुक दे रहे हैं. उनके बालों का कट चेहरे को एक परफेक्ट फ्रेम दे रहा है.उनका मेकअप सॉफ्ट ग्लैम स्टाइल में है. न्यूड बेस, हल्का ब्लश और बोल्ड रेड लिपस्टिक उनके लुक को बैलेंस कर रहे हैं.शहनाज के रिंग्स बहुत स्टाइलिश हैं. उन्होंने मिनिमल एक्सेसरीज के साथ अपने आउटफिट को हाईलाइट किया है, जिससे उनका पूरा लुक क्लासी और एलिगेंट लग रहा है.तस्वीरों में उनका कॉन्फिडेंस और पोज उन्हें शानदार बना रही है, जिसे देखकर फैंस उनपर जमकर प्यार लूटा रहे है.शहनाज का ये लुक ग्लैमर और एलिगेंस का परफेक्ट कॉम्बिनेशन है. उन्होंने अपने स्टाइल से इसे खास बना दिया है, जो फैंस के लिए इंस्पिरेशन बन सकता है.

## है जवानी तो इश्क होना है का सामने आया लुक, वरुण धवन-पूजा का दिखा रोमांटिक अंदाज

वरुण धवन और पूजा हेगड़े की नई फिल्म है जवानी तो इश्क होना है कथित तौर पर मई महीने में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। लेकिन रिलीज से पहले आज मंगलवार को वरुण धवन ने फिल्म की शूटिंग की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण और पूजा नदी के किनारे रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं।

वरुण ने आज अपनी फिल्म है जवानी तो इश्क होना है के सेट से एक खास रोमांटिक तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में वरुण अभिनेत्री पूजा हेगड़े के साथ रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ वरुण धवन ने कैप्शन में लिखा, इश्क सिर्फ एक बार होता है।

## अल्लू अर्जुन ने जन्मदिन पर फैंस को तोहफा दिया, एटली की फिल्म एए22&ए6 का टाइटल राका, पुष्पा स्टार का बाल्ड स्टाइल में शॉकिंग फर्स्ट लुक आउट



साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन आज यानी 8 अप्रैल को 44 साल के हो गए हैं. आज इस शुभ मौके पर अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड पैन इंडिया एक्शन थ्रिलर फिल्म एए22&ए6 का टाइटल पोस्टर सामने आ चुका है. टाइटल के साथ-साथ अल्लू अर्जुन की शॉकिंग फर्स्ट लुक भी सामने आया है. मेकर्स ने फिल्म का टाइटल पोस्टर को आज अल्लू अर्जुन के बर्थडे पर रिवील करने का ऐलान किया था. फैंस का इंतजार अब खत्म हो चुका है. एटली के निर्देशन में बनी फिल्म को लेकर खूब चर्चा है और अल्लू अर्जुन के फैंस के लिए यह गिफ्ट किसी बड़ी ट्रीट से कम नहीं है.

फिल्म एए22&ए6 का नाम अब राका है. यानी फिल्म में अल्लू अर्जुन राका के रोल में होंगे. वहीं, फिल्म से आए अल्लू अर्जुन का फर्स्ट लुक बहुत ही शॉकिंग है और आज तक स्टाइलिश स्टार को इस अवतार में नहीं देखा गया है. अल्लू अर्जुन का अपने फर्स्ट लुक में हाफ बाल्ड दिख रहे हैं और उनके हाथ किसी दानव की तरह हैं, जिसके नाखून लंबे-लंबे हैं. फिल्म सात भाषा हिंदी, तेलुगु, तमिल, मलयालम, कन्नड़, ऊर्दू और बंगाली में भी रिलीज होगी. फिलहाल फिल्म की रिलीज डेट का एलान नहीं किया गया है. अब अल्लू अर्जुन का यह फर्स्ट लुक उनके फैंस को बड़ा शॉक्ड देने वाला है.

अल्लू अर्जुन और फिल्म के डायरेक्टर एटली ने भी इस पोस्टर को सोशल मीडिया पर जारी किया था और इसके कैप्शन में लिखा था, धमाके लिए तैयार रहे, फिल्म का टाइटल पोस्टर जारी होगा. अब अल्लू अर्जुन और एटली की जोड़ी की साथ में पहली फिल्म ने उनके फैंस के दिलों की धड़कनों को बढ़ा दिया है. अब पुष्पा स्टार के फैंस का दिल बाग-बाग हो चुका है और अब वो इस फिल्म की रिलीज के इंतजार में बैठ चुके हैं.

## चांद मेरा दिल का टीजर जारी, प्यार में पागलपन की कहानी लेकर आए लक्ष्य-अनन्या



अनन्या पांडे और लक्ष्य लालवानी की आगामी फिल्म चांद मेरा दिल का टीजर जारी कर दिया गया है। धर्मा प्रोडक्शन द्वारा निर्मित और विवेक सोनी द्वारा निर्देशित यह एक म्यूजिकल-रोमांटिक फिल्म है जो रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। लक्ष्य तीसरी बार अपने अभिनय का हुनर दिखाने को तैयार हैं। इससे पहले उन्हें किल और आर्यन खान की सीरीज बैड्स ऑफ बॉलीवुड से चर्चा मिली थी। फिल्म चांद मेरा दिल 22 मई को सिनेमाघरों का रुख करेगी ।करण जौहर एक बार फिर प्यार, पागलपन और दर्द भरी प्रेम-कहानी के जरिए दर्शकों को लुभाने आए हैं। टीजर की शुरुआत लक्ष्य और अनन्या के रोमांटिक रिश्ते से होती है। बैकग्राउंड में आवाज आती है, प्यार में थोड़ा पागल तो होना ही पड़ता है। हालांकि, जल्द ही एक अप्रत्याशित मोड़ आता है दोनों के रिश्तों में दूरियां आ जाती हैं। कुल मिलाकर फिल्म का टीजर दर्द, तड़प और गहन भावनात्मक रिश्तों पर केंद्रित किया गया है ।इस फिल्म का निर्देशन विवेक सोनी ने किया है. गाने में म्यूजिक सचिन -जिगर ने दिया और लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं, जो इस कहानी को और भी इमोशनल बना रहा है. टीजर में खूबसूरत लोकेशन्स और मंदिर के कुछ सीन्स भी दिखाए गए हैं, जिससे उनकी लव स्टोरी में अलग टच देखने को मिल रहा है.

## दीपिका पादुकोण की हुई गोलमाल 5 में एंट्री, सिंघम अगेन के रोल से होगा ये तगड़ा कनेक्शन, अक्षय कुमार से लेंगी पंगा!



रोहित शेट्टी की फिल्म गोलमाल 5 लगातार चर्चा में बनी हुई है. क्योंकि कास्टिंग को लेकर नए-नए अपडेट्स जो सामने आ रहे हैं. इस फिल्म में पहले से ही बड़े-बड़े एक्टर्स मौजूद हैं, लेकिन अब कुछ नाम इस लिस्ट में जुड़ चुके हैं.गोलमाल 5 को रोहित शेट्टी डायरेक्ट कर रहे हैं. रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में इस फ्रेंचाइजी के कई पुराने चेहरे नजर आएंगे, जिनमें अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू, शरमन जोशी जैसे नाम शामिल हैं. वहीं, इस फिल्म में अब अक्षय कुमार की भी एंट्री हो चुकी है.रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में साउथ एक्ट्रेस प्रियामणी लीड रोल निभाती हुई नजर आएंगी.इसी बीच फिल्म के कास्टिंग को लेकर एक नई अपडेट सामने आई है. रिपोर्ट के अनुसार इस फिल्म में दीपिका पादुकोण की भी एंट्री हो चुकी है. वो फिल्म में कैमियो करती नजर आएंगी, लेकिन उनका रोल काफी इंपोर्टेंट होने वाला है.इस फिल्म में एक्ट्रेस को इंस्पेक्टर शक्ति शेट्टी के कैरेक्टर में देखा जाएगा, जिसे उन्होंने पहले सिंघम अगेन में निभाया था. हालांकि, मेकर्स ने ऑफिशियल तौर पर इसे कंफर्म नहीं किया है, लेकिन इस खबर के सामने आते ही फैंस की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ चुकी है.रिपोर्ट के अनुसार फिल्म में दीपिका को एक मिशन पर दिखाया जाएगा, जो अक्षय कुमार के कैरेक्टर को पकड़ने की कोशिश करेंगी, जो उनकी कस्टडी से भाग निकला होता है.फिल्म के क्लामैक्स में उनकी धमाकेदार एंट्री होने वाली है. आखिर में वो अजय देवगन और उनकी टीम की मदद से अक्षय कुमार को पकड़ लेंगी.अगर ये रिपोर्ट सही निकलती है तो दीपिका पादुकोण का ये कैमियो रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स और गोलमार सीरीज की क़मेडी दुनिया को जोड़ने वाला एक क्रॉसओवर मोमेंट साबित हो सकता है.हालांकि, अभी तक प्रोडक्शन टीम की तरफ से दीपिका की एंट्री को लेकर कुछ भी नहीं कहा गया है. ऐसे में जब तक ऑफिशियल तौर पर कंफर्मेशन नहीं मिलती है।

## कॉकटेल 2 का नया गाना जब तलक हुआ रिलीज, मस्ती में डूबीं रश्मिका मंदाना और कृति सैनन, शाहिद ने भी जमाया रंग



डायरेक्टर होमी अडजानिया की फिल्म कॉकटेल 2 रिलीज की तैयारी कर रही है और 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आज बुधवार को मेकर्स ने इसका नया गाना जब तलक रिलीज कर दिया है। इस गाने में शाहिद कपूर, कृति सैनन और रश्मिका मंदाना अपने डांस से रंग जमा रहे हैं। इस गाने को अरिजीत सिंह ने अपनी आवाज से सजाया है और इसे प्रीतम चक्रवर्ती ने कंपोज किया है। लिरिक्स अमिताभ भट्टाचार्य ने लिखे हैं और इसे होमी अडजानिया ने डायरेक्ट किया है।

कॉकटले 2 की रिलीज का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है और बीते दिनों इसकी घोषणा की गई थी। फिल्म कॉकटेल 2 में शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन ने जमकर डांस किया है। यूनिवर्सल म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर कॉकटेल 2 का रिलीज हो गया है और महज 1 घंटे में ही इसे 1 लाख से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। फिल्म 19 जून को सिनेमाघरों में दस्तक देने की तैयारी कर रही है। बीते दिनों फिल्म के सेट की तस्वीरें भी सामने आती रही हैं। अब देखना होगा कि क्या ये तिकड़ी बॉक्स ऑफिस पर अपना असर छोड़ने में सफल रहती है या नहीं।

बता दें कि डायरेक्टर होमी अडजानिया ने साल 2012 में फिल्म कॉकटेल बनाई थी। इसमें सैफ अली खान, दीपिका पादुकोण और डायना पेंटी ने लीड रोल निभाया था। इसके साथ ही वमन इरानी और डिंपल कपाड़िया ने भी अहम किरादरों में अपनी एक्टिंग का समां बांधा था। कहानी लवट्रांयगल की थी। फिल्म में गौतम कपूर (सैफ अली खान) को विरोनिका (दीपिका पादुकोण) से प्यार है।

विरोनिका बोल्ड और बिंदास लड़की है जो अपनी जिंदगी को खुलकर जीती थी। इसके साथ ही इन दोनों की मुलाकात मीरा सेठी (डायना पेंटी) से होती है जो एक एनआरआई से शादी करके विदेश में जाती है। लेकिन उसका पति उसे बीच मंजधार में छोड़ देता है और तीनों की दोस्ती हो जाती है। तीनों की ये दोस्ती अंत में लव ट्रांयगल में फिट हो जाती है और कहानी मजा देने लगता है। ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी हिट रही थी। अब देखना होगा कि क्या कॉकटेल 2 भी दर्शकों को अपना दीवाना बना पाती है या नहीं।

## गिन्नी वेड्स सनी 2 के ट्रेलर पर आया अपडेट, इस दिन दिखेगी अविनाश-मेधा की प्रेम-कहानी

यामी गौतम और विक्रांत मैसी की फिल्म गिन्नी वेड्स सनी (2020) को दर्शकों ने खूब पसंद किया था। निर्देशक प्रशांत झा अब इसका सीक्वल गिन्नी वेड्स सनी 2 लेकर आ रहे हैं जो सोशल मीडिया पर चर्चा बटोर रही है। अविनाश तिवारी इसमें मुख्य किरदार निभा रहे हैं। उनके साथ 12वीं फेल वालीं अभिनेत्री मेधा शंकर नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्माण निर्माण विनोद बच्चन और उमेश कुमार बंसल ने मिलकर किया है।

जी स्टूडियो ने गिन्नी वेड्स सनी 2 का पोस्टर जारी करते हुए ट्रेलर रिलीज की तारीख बताई है। उन्होंने लिखा, मंडप सेट है, बारात तैयार है। अब प्यार और परिवार के साथ बस एक बवाल ट्रेलर का इंतजार है। पोस्ट के मुताबिक, गिन्नी वेड्स सनी 2 का ट्रेलर आज रिलीज किया जाएगा। लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला और रोहित चौधरी जैसे कलाकार भी फिल्म में शामिल हैं। यह 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रोजाना सुबह एक गिलास नींबू पानी पीने से मिल सकते हैं ये 5 प्रमुख फायदे



नींबू में विटामिन-सी के साथ एंटी-ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो इम्यूनिटी को बढ़ावा देने और शरीर को हाइड्रेट रखने में मदद करते हैं। इसके अतिरिक्त नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड पाचन क्रिया को बेहतर करने से लेकर वजन कम करने तक में लाभदायक है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि नींबू का पानी भी सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है? आइए जानते हैं कि रोजाना सुबह एक गिलास नींबू पानी पीने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### पाचन क्रिया को कर सकता है बेहतर

नींबू में मौजूद साइट्रिक एसिड पाचन क्रिया को बेहतर करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा नींबू के पानी में मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट्स शरीर में गैस्ट्रिक एंजाइम के उत्पादन को सुविधाजनक बनाकर पाचन क्रिया को सुचारू रखने में मदद कर सकते हैं। लाभ के लिए सुबह खाली पेट एक गिलास गुनगुने पानी में आधे नींबू का रस निचोड़कर पिएं। इससे पाचन को बेहतर करने में मदद मिल सकती है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता को दे सकता है बढ़ावा

नींबू में भरपूर विटामिन-सी होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद कर सकता है। इसके अलावा नींबू में सूजन कम करने वाले और बैक्टीरिया को खत्म करने वाले गुण होते हैं, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ावा देने में सहायक हैं। नींबू के पानी में विटामिन-सी की मात्रा बढ़ाने के लिए इसे बनाने के लिए ताजे और कसे हुए नींबू का उपयोग करें। यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने में सहायक हो सकता है।

### वजन को नियंत्रित करने में है कारगर

नींबू के पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स के साथ वजन घटाने वाले गुण मौजूद होते हैं, जो शरीर में चर्बी के संचय को रोककर मोटापे को कम करने में मदद कर सकते हैं। साथ ही नींबू का पानी शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और पाचन क्रिया को बेहतर कर सकता है, जो वजन नियंत्रित करने में सहायक है। इससे वजन घटाने में मदद मिल सकती है।

### लिवर को साफ करने में है मददगार

नींबू का पानी लिवर को साफ करने में मदद कर सकता है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने का काम करके लिवर को साफ करने में सहायक है। नींबू के पानी में एक खास एसिड पाया जाता है, जो शरीर में मौजूद अतिरिक्त चर्बी को कम करने में मदद कर सकता है। यह लिवर को साफ करने में सहायक हो सकता है।

### सांसों की बदबू कर सकता है दूर

नींबू के पानी में बैक्टीरिया को खत्म करने वाले गुण होते हैं, जो बैक्टीरिया को खत्म करके सांसों की बदबू दूर करने में मदद कर सकते हैं। इसके अलावा नींबू के पानी में मौजूद साइट्रिक एसिड लार के उत्पादन को बढ़ावा देकर दांतों पर प्लाक बनने से रोक सकता है। लाभ के लिए रोजाना सुबह एक गिलास गुनगुने पानी में आधे नींबू का रस निचोड़कर पिएं। यह सांसों की बदबू दूर करने में सहायक हो सकता है।

# स्वस्थ दांतों के लिए आजमाएं ये 5 आसान और प्रभावी तरीके

दांत हमारे चेहरे की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ खाने को चबाने और पाचन में मदद करने में अहम भूमिका निभाते हैं। ऐसे में दांतों का सही देखभाल करना बहुत जरूरी है। इसके लिए रोजाना ब्रश करना, फ्लॉसिंग करना और समय-समय पर दांतों के डॉक्टर के पास जाना जरूरी है। इसके अलावा खाने-पीने की आदतों पर भी खास ध्यान देना चाहिए। आइए आज हम आपको दांतों को स्वस्थ रखने के लिए कुछ आसान और प्रभावी तरीके बताते हैं।



### दांतों को रोजाना दो बार साफ करें

दांतों को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना दो बार साफ करना जरूरी है। सुबह और रात को सोने से पहले दांतों को ब्रश करना चाहिए। इससे मुंह की सफाई होती है और कीटाणु पनपने का मौका नहीं मिलता। ब्रश करते समय हल्के हाथ से ब्रश को आगे-पीछे घुमाना चाहिए ताकि दांतों के हर कोने तक पेस्ट पहुंचे। इसके अलावा ब्रश करते समय मसूड़ों को भी हल्के हाथ से मसलना चाहिए ताकि खून का बहाव बेहतर हो सके।

### फ्लॉस से सफाई करें

फ्लॉस से सफाई दांतों के बीच की सफाई के लिए जरूरी है। ब्रश से हर जगह तक पहुंचना मुश्किल होता है, खासकर जब दांतों के बीच में खाना फंस जाता है तो फ्लॉस से उसे निकालना आसान होता है। इसके लिए फ्लॉस का इस्तेमाल करें और धीरे-धीरे दांतों के बीच में डालकर खींचें। इससे गंदगी और कीटाणु हटते हैं और दांतों की जड़ तक की सफाई होती है। नियमित फ्लॉस से सफाई से मसूड़ों का स्वास्थ्य भी बेहतर होता है।

### मीठी चीजों का सेवन कम करें

मीठी चीजें जैसे चॉकलेट, केक, बिस्किट आदि खाने से दांतों में कीड़ा लगने की संभावना बढ़ जाती है क्योंकि इनमें मौजूद शक्कर कीटाणुओं को बढ़ावा देती है। इसलिए इनका सेवन कम से कम करें या फिर इनका विकल्प किसी सेहतमंद स्नैक जैसे फल या मेवे आदि को चुनें। इसके अलावा मीठे पेय पदार्थों का सेवन भी कम करें और पानी या दूध पीने की आदत डालें ताकि आपके दांत स्वस्थ रहें।

### धूम्रपान न करें

धूम्रपान न केवल आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह आपके दांतों के लिए भी बुरा है। धूम्रपान करने से दांत पीले हो जाते हैं और मसूड़ों की बीमारी का खतरा बढ़ता है। इसलिए धूम्रपान से दूर रहें और अगर आप धूम्रपान करते हैं तो इसे धीरे-धीरे छोड़ने का प्रयास करें। इसके अलावा तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल भी न करें क्योंकि ये भी आपके दांतों को नुकसान पहुंचाते हैं।

### समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवाएं

समय-समय पर डॉक्टर से जांच करवाना जरूरी है ताकि किसी भी समस्या का पता समय रहते चल सके। डॉक्टर आपको सही सलाह दे सकते हैं और जरूरत पड़ने पर उचित उपचार भी बता सकते हैं। कोशिश करें कि हर 6 महीने में एक बार डॉक्टर से मिलें और अपनी समस्याओं पर चर्चा करें। इन आसान तरीकों को अपनाकर आप अपने दांतों को स्वस्थ रख सकते हैं और उन्हें मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

# अगर समझौता टूटा तो होगी पहले से घातक कार्रवाई, होर्मुज के आसपास रहेंगे अमेरिकी जहाज; ट्रंप ने ईरान को दी चेतावनी

वॉशिंगटन (ए.) । अमेरिका और ईरान के बीच हाल ही में घोषित दो हफ्ते के अस्थायी सीजफायर के बावजूद तनाव बढ़ता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को कड़ा संदेश देते हुए चेतावनी दी है कि अगर समझौता टूटता है, तो अमेरिका पहले से भी अधिक शक्तिशाली कार्रवाई करेगा। ट्रंप ने व्हाइट हाउस से कहा कि जब तक वास्तविक समझौता पूरी तरह लागू नहीं होता, अमेरिकी सेना, जहाज और हथियार ईरान के आसपास ही तैनात रहेंगे। उन्होंने दोहराया कि अमेरिका किसी भी कीमत पर ईरान को परमाणु बम विकसित करने की अनुमति नहीं देगा और ईरान के परमाणु कार्यक्रम को पूरी तरह रोकना उनकी प्राथमिकता है।अमेरिका ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज की सुरक्षा को लेकर अपनी रणनीति भी स्पष्ट कर दी है। ट्रंप ने कहा कि यह महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग हर




हाल में खुला और सुरक्षित रहेगा। अमेरिकी नौसेना वहां मौजूद रहेगी ताकि तेल की आपूर्ति प्रभावित न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए इस मार्ग पर किसी भी तरह के ईरानी नियंत्रण को स्वीकार नहीं किया जाएगा।ट्रंप ने आगे कहा कि अमेरिकी सेना पूरी तरह तैयार है और आगे की कार्रवाई का इंतजार कर रही है। उन्होंने ईरान को सलाह दी कि वह इस कूटनीतिक मौके का उपयोग करे, क्योंकि अमेरिका की सहनशक्ति सीमित है।यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों देशों के बीच सीजफायर लागू हुआ है, लेकिन शर्तों को लेकर मतभेद जारी हैं। विश्लेषकों के अनुसार, ट्रंप का यह कड़ा संदेश ईरान पर दबाव बढ़ाने और क्षेत्र में अमेरिकी प्रभुत्व बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है।

## ईरान को युद्धविराम प्रस्ताव भेजने के लिए अमेरिका ने पाकिस्तान पर बनाया था दबाव

तेहरान(ए.) । एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अमेरिका ने पाकिस्तान पर दबाव डाला था कि वह ईरान के साथ एक अस्थायी युद्धविराम की मध्यस्थता करे।

रिपोर्ट ने पाकिस्तान के स्वतंत्र कूटनीतिक रुख पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान कोई तटस्थ मध्यस्थ नहीं था, बल्कि अमेरिका के लिए अस्थायी युद्धविराम समझौते को आगे बढ़ाने का केवल एक जरिया था।

रिपोर्ट में घटनाक्रम से परिचित लोगों का हवाला देते हुए कहा गया है कि हफ्तों तक ट्रंप प्रशासन पाकिस्तान पर युद्धविराम के लिए दबाव डालता रहा, ताकि वह ईरानियों को लड़ाई रोकने के लिए राजी कर सके और होर्मुज जलडमरूमध्य को खोल जा सके। रिपोर्ट में कहा गया है, एक मुस्लिम-बहुल पड़ोसी और मध्यस्थ के तौर पर पाकिस्तान की अहम भूमिका यह थी कि वह इस प्रस्ताव को तेहरान को बेचे।रिपोर्ट में युद्धविराम बातचीत से परिचित लोगों के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित थे और ईरानी शासन की दृढ़ता या मुश्किलों के बावजूद टिके रहने की क्षमता को देखकर हैरान थे। युद्धविराम की घोषणा से ठीक पहले ट्रंप ने ईरान को धमकी देते हुए कहा था कि अगर तेहरान उनकी शर्तें नहीं मानता, तो वह पूरी सभ्यता को तबाह कर देंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिकी कमांडर इन चीफ 21 मार्च को ईरान के ऊर्जा संयंत्रों को खत्म करने की पहली धमकी के बाद से ही युद्धविराम के लिए उत्सुक थे।

## कनाडा ने बढ़ाई अंतरराष्ट्रीय छात्रों की मुसीबत, 21 दिनों की दी डेडलाइन; भारतीय छात्र भी लपेटे में




टोरंटो(ए.)। कनाडा सरकार के नए निर्देशों ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। सरकार ने जांच प्रक्रिया को सख्त करते हुए छात्रों को आवश्यक दस्तावेज जमा करने के लिए 21 दिन की समयसीमा तय की है। इस फैसले से भारत सहित कई देशों के छात्रों में हड़कंप मच गया है।कनाडा ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों को नोटिस भेजना शुरू कर दिया है, जिसमें उनसे स्टडी परमिट नियमों के पालन की पुष्टि के लिए दस्तावेज मांगे गए हैं। इस कार्रवाई के दायरे में सैकड़ों भारतीय छात्र भी आए हैं। यह कदम इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा द्वारा ऑडिटर जनरल की रिपोर्ट के बाद उठाया गया है, जिसमें इंटरनेशनल स्टूडेंट प्रोग्राम की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल उठाए गए थे।कनाडा की संसद में 23 मार्च को पेश रिपोर्ट में ऑडिटर जनरल केरेन होगन ने कहा था कि विभाग को उपलब्ध सूचनाओं के आधार पर तुरंत कार्रवाई कर कार्यक्रम की विश्वसनीयता सुनिश्चित करनी चाहिए।नोटिस के अनुसार, छात्रों को अपने डिज़ाइनेटेड लर्निंग इंस्टीट्यूशन (DLI) से आधिकारिक पत्र जमा करना होगा, जिसमें उनके वर्तमान नामांकन की पुष्टि हो। साथ ही, उन्हें अपने वर्तमान और पूर्व शैक्षणिक संस्थानों के ट्रांसक्रिप्ट (मार्कशीट) भी प्रस्तुत करने होंगे। नोटिस में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि 21 दिनों के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं किए गए, तो छात्रों का अस्थायी निवासी दर्जा समाप्त किया जा सकता है। इस निर्णय से छात्रों और इमिग्रेशन सलाहकारों के बीच चिंता बढ़ गई है। मिसिसॉगा के इमिग्रेशन कंसल्टेंट कंवर सिराह ने कहा कि यह कार्रवाई काफी देर से की जा रही है। उनके अनुसार, पिछले वर्ष फर्जीवाड़े के मामलों में बढ़ोतरी हुई थी, लेकिन उस समय अधिकांश छात्र अपना कोर्स पूरा कर चुके हैं।उन्होंने यह भी सवाल उठाया कि कितने छात्रों ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वर्क परमिट हासिल किए। उनके मुताबिक, इस समस्या में कुछ शिक्षण संस्थानों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए।सरकार ने यह भी निर्देश दिया है कि हाउस ऑफ कॉमन्स की स्टैंडिंग कमिटी ऑन सिटिजनशिप एंड इमिग्रेशन को हर महीने की 15 तारीख तक सभी संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट सौंपी जाए।

## ईरान ने युद्धविराम के बाद 3 उल्लंघनों पर रोष जताया, कहा- अमेरिका पर अविश्वास गहराया

तेहरान,(ए.) । अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्ते के लिए हुए युद्धविराम के बीच इजरायल ने लेबनान पर हमला जारी रखा, जिसमें 250 से अधिक लोगों की जान गई है। इससे नाराज ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही एक बार फिर बंद कर दी है और अमेरिका पर अविश्वास गहराने की बात कही है। ईरानी संसद के स्पीकर मोहम्मद बागेर गलिबाफ ने कहा कि ऐसी स्थिति में दोतरफा युद्धविराम और बातचीत सही नहीं है।

गलिबाफ ने बयान में कहा कि बातचीत शुरू होने से पहले 10-सूत्रीय प्रस्ताव के 3 मुख्य बिंदुओं का उल्लंघन हुआ है। उन्होंने कहा कि अमेरिका पर ईरान का जो गहरा ऐतिहासिक अविश्वास है, वह उसके वादों के बार-बार उल्लंघन से पैदा हुआ है, और यह पैटर्न फिर दोहराया गया है। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को याद दिलाया कि उन्होंने ट्रुथ पर ईरान के 10-सूत्रीय प्रस्ताव को बातचीत करने लायक आधार बताया था और अब इसके 3 बिंदु तोड़े गए हैं।

## लेबनान पर इजरायली हमलों से भड़का ईरान, राष्ट्रपति पेजेश्कियन बोले- हमारी उंगली ट्रिगर पर रहेगी

तेहरान, (आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्तों के युद्धविराम सहमति के बाद भी इजरायल लेबनान पर हमला जारी रखे है, जिससे ईरान बुरी तरह भड़क गया है। ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने अपना बयान जारी कर कहा कि लेबनान में घुसना और हमला करना संघर्ष विराम समझौते का खुला उल्लंघन है। राष्ट्रपति ने कहा कि यह धोखेबाजी है और अगर यह जारी रहता है तो बातचीत को बेमानी बना देगा। ईरान ने इजरायल को हमले की चेतावनी भी दी है।

राष्ट्रपति पेजेश्कियन ने एक्स पर लिखा, लेबनान में इज़राइल का फिर से घुसना और बार-बार की आक्रामकता, शुरुआती संघर्ष-विराम समझौते का खुला उल्लंघन है। यह धोखेबाजी और भविष्य के समझौतों के प्रति प्रतिबद्धता की कमी का एक खतरनाक संकेत है। इन आक्रामक कार्रवाईयों का जारी रहना बातचीत को बेमानी बना देगा। हमारी उंगलियां ट्रिगर पर ही रहेंगी। ईरान अपने लेबनानी भाई-बहनों को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा।अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्तों का अस्थायी युद्धविराम हुआ है, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य खोलने और हमले रोकने की शर्त थी। हालांकि, इजरायल ने लेबनान के खिलाफ युद्धविराम समझौता मानने से इनकार कर दिया और कुछ ही घंटों में बेरूत और 100 जगह सबसे बड़ा हमला किया, जिसमें 250 से अधिक लोग मारे गए।

## व्हाइट हाउस ने कहा- डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के 10-सूत्रीय प्रस्ताव को कूड़ेदान में डाला

वाशिंगटन,( आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के किसी भी प्रस्ताव को मानने से साफ इनकार कर दिया है। ये पुष्टि व्हाइट हाउस ने की। व्हाइट हाउस की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अमेरिका ईरान के अंदर किसी भी यूरेनियम संवर्धन को अस्वीकार करता है, और ट्रंप ने तेहरान द्वारा प्रस्तुत इच्छा सूची पर सहमति नहीं जताई थी। उन्होंने बताया कि 10-सूत्रीय प्रस्ताव ईरान द्वारा प्रकाशित प्रस्ताव से भिन्न है।



लेविट ने कहा, ईरान की ओर से पेश किया गया 10 सूत्रीय प्रस्ताव मूलरूप से बेपरवाह, अस्वीकार्य और पूरी तरह से खारिज कर दिया गया है। इसे राष्ट्रपति ट्रंप और उनकी समझौता करने वाली टीम ने कूड़ेदान में फेंक दिया था। मीडिया में कहा जा रहा है कि उस प्रस्ताव को अमेरिका ने स्वीकार कर लिया है, जो पूरी तरह गलत और झठ है। उन्होंने कहा कि ट्रंप ईरान की इच्छाओं को समझौते के रूप में कभी स्वीकार नहीं करेंगे।

लेविट ने बताया युद्धविराम को लेकर शनिवार को पहले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होगी। बैठक में अमेरिकी टीम का नेतृत्व उपराष्टपति जेडी वेन्स, ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जेरेड कुशनर करेंगे। ईरान की ओर से विशेष प्रतिनिधिमंडल भी पाकिस्तान के लिए आज रात को रवाना होगा। इसकी पुष्टि पाकिस्तान में ईरान के राजदूत ने की है। बता दें कि ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बगेर गालिबफ ने वार्ता के भविष्य पर संदेह जताया है।

## होर्मुज जलडमरूमध्य बंद नहीं, ईरान ने बारूदी सुरंगों का खतरा बताकर वैकल्पिक मार्ग सुझाया

तेहरान,,( आरएनएस)। अमेरिका और ईरान के बीच 2 हफ्तों के युद्धविराम पर सहमति के बाद भी इजरायल ने बुधवार को लेबनान पर घातक हमला कर दिया, जिसके बाद खबर आई कि ईरान ने होर्मुज फिर से बंद कर दिया है। हालांकि, अब बताया जा रहा है कि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य को पूरी तरह बंद नहीं किया है, बल्कि यहां से गुजरने वाले जहाजों के लिए नए नेविगेशन निर्देश जारी किए हैं। उसने बारूदी सुरंगों का खतरा बताकर वैकल्पिक मार्ग सुझाए हैं।ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) ने एक बयान में कहा, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने का इरादा रखने वाले सभी जहाजों को समुद्री सुरक्षा के सिद्धांतों का पालन करने और समुद्री खदानों के खतरों से बचने के लिए वैकल्पिक मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है। बता दें कि ईरान ने 2 सप्ताह के युद्धविराम के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य को अस्थायी रूप से फिर से खोलने पर सहमति जताई है और अब यह पूरी तरह बंद नहीं है।रिपोर्ट के मुताबिक, आईआरजीसी नौसेना के अधिकारियों ने कहा कि जलडमरूमध्य से गुजरते समय जहाजों को अपनी सेनाओं के साथ समन्वय स्थापित करने की सलाह दी गई है, ताकि कोई घटना न हो। प्रस्तावित वैकल्पिक मार्ग को तहत ओमान सागर से प्रवेश करने वाले जहाजों को खाड़ी में आगे बढ़ने से पहले लारक द्वीप के उत्तर की ओर जाना होगा। खाड़ी से बाहर निकलने वाले जहाजों सामान्यतः होर्मुज से रोजाना 60 जहाज गुजरते हैं, जो युद्ध में बंद था। युद्धविराम के बाद पिछले 24 घंटे में 2-3 जहाज गुजरे हैं और कुछ बीच में मुड़ गए। इससे लगा कि ईरान ने लेबनान पर हमले के बाद इसे बंद कर दिया है।

# खेल समाचार

## किंग कोहली से तुलना पर भड़के बाबर आजम, बोली ये बड़ी बात

नईदिल्ली,(आएरएनएस)। सोशल मीडिया पर पाकिस्तान के स्टार बल्लेबाज बाबर आजम का एक वीडियो काफी तेजी से वायरल हो रहा है. जिसमें वो पत्रकार से कोहली से तुलना करने से रोक रहे है और साथ में ये भी कह रहे हैं कि मैं ने भी बहुत से मैच फिनिश किए हैं।

दरअसल बाबर आजम की ये वीडियो पीएसएल 2026 के मैच (हैदराबाद किंग्समेन बनाम पेशावर जालमी) के बाद की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस की है. उस मैच में जालमी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया और हैदराबाद किंग्समेन को 145 के मामूली टोटल पर रोक दिया. लक्ष्य का पीछा करते हुए, बाबर ने 37 गेंदों पर 43 रन बनाकर पारी को संभाला, लेकिन मैच फिनिश करने से पहले ही आउट हो गए. उसके बाद बाबर की टीम ने आखिरी गेंद पर जीत हासिल की।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार ने बाबर से उनकी फिनिशिंग काबिलियत को लेकर हो रही चर्चा के बारे में पूछा, और उनकी तुलना भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से की।

पत्रकार ने पूछा, आपसे बहुत उम्मीदें हैं, आप इनिंग को आगे बढ़ाते हैं लेकिन गेम फिनिश नहीं करते. आपकी तुलना अक्सर विराट कोहली से की जाती है, क्या आपको लगता है कि यह तुलना सही है? हालांकि, बाबर ने सवाल को बीच में ही रोकते हुए तुलना को तुरंत बंद कर दिया. बाबर ने कहा, खत्म कर दें आप, जिस वजह से आप सवाल कर रहे हैं, छोड़ दें आप, मैंने भी बहुत मैच फिनिश किए हैं, आपको लगता नहीं है पर किए हैं।

पाकिस्तान सुपर लीग के 11वें सीजन में बाबर आजम की टीम पेशावर जालमी ने अब तक शानदार खेल का प्रदर्शन किया है. तीन मैच में दो जीत और एक मैच रद्द होने से वो 5 अंको के साथ पॉइंट्स टेबल में चौथे स्थान पर हैं. जबकि मुल्तान सुल्तान पांच मैच के बाद 8 अंको के साथ पहले स्थान पर है, वहीं कराची किंग और इस्लामाबाद यूनाइटेड दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं।

## बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप: भारत को लगा बड़ा झटका, लक्ष्य के बाद सिंधु भी टूर्नामेंट से हुई बाहर

नईदिल्ली,(आएरएनएस)। भारत के दो स्टार शटलर लक्ष्य सेन और पीवी सिंधु का बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप 2026 में सफर खत्म हो गया. चीन के निंगबो ओलंपिक स्पोर्ट सेंटर में खेली जा रही चैंपियनशिप में राउंड ऑफ 16 में सिंधू को वर्ल्ड की नंबर दो वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा. वांग झी ने सिंधु को सीधे गेम में 21-18, 21-8 से हरा दिया, जिससे टूर्नामेंट में उनका सफर खत्म हो गया।

सिंधु ने पहले गेम में कड़ा मुकाबला किया. जिसकी वजह से वो 18 पॉइंट तक बराबरी पर रहीं लेकिन उसके बाद वो कुछ रैलियों को अपने पक्ष में नहीं कर पाई. जिससे उन्हें पहला गेम 18-21 से हारना पड़ा. लेकिन, दूसरे गेम में वांग पूरी तरह से अपना दबदबा बनाई रखीं, सिंधु को आगे ही नहीं निकलने दी. जिसकी वजह से वो दूसरे गेम को भी बड़े अंतर 21-8 से अपने नाम करने में सफल रहीं।

सिंधू के बाहर होने से सिंगल्स मुकाबलों में भारत के लिए चैंपियनशिप में मुश्किलें और बढ़ गई हैं. इससे पहले टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में हांगकांग के ली चेउक यियू के हाथों हार का सामना करना पड़ा था. लक्ष्य, जो ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद इस टूर्नामेंट में उतरे थे, 41 मिनट चले मुकाबले में 12-21, 19-21 से हार गए।

दोनों स्टार शटलर के जल्दी बाहर हो जाने से सिंगल्स कैटेगरी में भारत की उम्मीदों को झटका लगा है. हालांकि, भारत का प्रतिनिधित्व अभी भी दूसरी कैटेगरी में राउंड ऑफ 16 में बना हुआ है।

मेंस सिंगल्स में एच.एस. प्रणॉय का मुकाबला वेंग होंग यांग से होगा, जबकि मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की जोड़ी का सामना चेन तांग जी और तोह ई वेई से होगा।

## IPL 2026 के बीच बीसीसीआई का नया फरमान, मैदान में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को ही एंट्री

नई दिल्ली(आएरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़े कई सख्त नियम बनाए हैं। नए नियम के मुताबिक मैच के दौरान केवल उन्हीं खिलाड़ियों को मैदान में आने या घूमने की अनुमति होगी जिनका नाम टीम शीट में शामिल होगा। शीट में सिर्फ 16 खिलाड़ियों को शामिल करने की अनुमति होगी।रिपोर्ट के मुताबिक, नए नियम के अनुसार प्रत्येक टीम अपने खिलाड़ियों की शीट में 16 खिलाड़ियों को शामिल कर सकती है। इसमें 11 खिलाड़ी वे होंगे जो प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होंगे। इसके अलावा, इम्पैक्ट सब के रुप में 1 और 4 खिलाड़ी रिजर्व के रूप में रखे जा सकते हैं। इन 16 खिलाड़ियों के अलावा मैदान में टीम का कोई भी अन्य सदस्य मैदान पर प्रवेश नहीं कर सकेगा। नए नियम के मुताबिक टीम शीट में शामिल न होने वाले खिलाड़ी ड्रिंक्स, बैट या ग्लव्स लेकर मैदान में नहीं जा सकेंगे। वे खिलाड़ियों तक कोई मैसेज भी नहीं पहुंचा सकेंगे। बाउंड्री लाइन के पास केवल 5 खिलाड़ी ही बिब पहनकर घूम सकते हैं। बाकी खिलाड़ियों को डगआउट में ही




रहना होगा। इन नियमों का पालन न करना टीम और खिलाड़ियों की मुश्किल बढ़ा सकता है।सूत्रों के मुताबिक, टीम प्रबंधन को साफ निर्देश दिए गए हैं कि मैच के दौरान सब्स्टीट्यूट खिलाड़ियों की अनावश्यक आवाजाही पर पूरी तरह रोक रहेगी। बाउंड्री लाइन और एलइडी विज्ञापन बोर्ड के बीच केवल सीमित खिलाड़ियों को ही रहने की अनुमति होगी। बीसीसीआई इन नियमों को और भी कड़ा करने का विचार कर रही है। माना जा रहा है कि यह नया नियम एमपीसी (मैच खेलने की शर्तों) के क्लॉज 11.5.2 और 24.1.4 को और सख्ती से लागू करने के लिए लाया गया है। क्लॉज 11.5.2 के मुताबिक, बिना अंपायर की अनुमति के मैदान पर ड्रिंक्स ले जाना या समय बर्बाद करना नियमों के खिलाफ है। बीसीसीआई ने आईपीएल 2026 के दौरान ये फैसला क्यों लिया है, इसकी वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। माना जा रहा है कि मैच के दौरान अनुशासन बनाए रखने, अनावश्यक भीड़ और व्यवधान को कम करने, और खेल की गति को बेहतर बनाए रखने के उद्देश्य से ये नियम लाए गए हैं।

## चैंपियंस लीग: क्वार्टर फाइनल के पहले लेग में एटलेटिको मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-0 से हराया




मैड्रिड (आएरएनएस)। एटलेटिको मैड्रिड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एफसी बार्सिलोना को 2-0 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में बढ़त बना ली है। इस जीत के साथ एटलेटिको ने सेमीफाइनल में पहुंचने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है।मैच की शुरुआत तेज रफ्तार और आक्रामक अंदाज में हुई। बार्सिलोना ने घरेलू मैदान कैंप नोउ पर शुरुआती दबदबा बनाया और कई मौके भी बनाए। मार्कस रैशफोर्ड ने शुरुआती मिनटों में दो बेहतरीन प्रयास किए, लेकिन एटलेटिको के गोलकीपर जुआन मुस्सो ने शानदार बचाव करते हुए टीम को पीछे नहीं होने दिया। दूसरी ओर, जूलियन अल्वारेज के शॉट को भी बार्सिलोना के गोलकीपर ने रोका।

बार्सिलोना को लगा कि उन्हें बढ़त मिल गई है जब लामिन यमल ने राशफोर्ड के लिए मौका बनाया, लेकिन ऑफसाइड के कारण गोल रद्द कर दिया गया। मैच में अहम मोड़ 42वें मिनट में आया, जब पाउ क्यूबार्सी को वीआर रिव्यू के बाद रेड कार्ड दिखाया गया। शुरुआत में रेफरी ने येलो कार्ड दिया था, लेकिन समीक्षा के बाद फैसला बदल गया। इस फैसले ने मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।हाफटाइम से ठीक पहले एटलेटिको ने बढ़त बना ली। अल्वारेज ने फ्री किक को गोल में बदलते हुए टीम को 1-0 से आगे कर दिया। दूसरे हाफ में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रही बार्सिलोना ने वापसी की कोशिश की, लेकिन अलेक्जेंडर सोर्लोथ ने 70वें मिनट में गोल कर एटलेटिको की बढ़त दोगुनी कर दी। इसके बाद एटलेटिको ने मैच पर पूरा नियंत्रण बनाए रखा और अंत तक बढ़त को सुरक्षित रखा। इसके बाद सिमोन की टीम ने आखिरी पलों में आराम से जीत हासिल की, जबकि बार्सिलोना हार गया।

## *चैंपियंस लीग: पीएसजी ने लिवरपूल एफसी को 2-0 से हराया*

*पेरिस (आएरएनएस)। पेरिस सेंट-जर्मन (पीएसजी) ने लिवरपूल एफसी को 2-0 से हराकर यूईएफए चैंपियंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले लेग में मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। पेरिस के पार्क डेस प्रिंसेस में खेले गए इस मुकाबले में मेजबान टीम पूरी तरह हावी नजर आई।मैच की शुरुआत से ही पीएसजी ने आक्रामक अंदाज अपनाया। डेसिरे डोउए ने 11वें मिनट में बॉक्स के अंदर से शानदार शॉट लगाकर टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। उनका यह शॉट डिफ्लेक्शन लेकर गोलकीपर के ऊपर से निकल गया। पहले हाफ में पीएसजी लगातार मौके बनाता रहा। ख्विचा क्वारत्सखेलिया और उस्मान डेम्बेले ने कई खतरनाक हमले किए, लेकिन लिवरपूल के गोलकीपर जियोर्जी ममारदाश्विली ने कुछ बेहतरीन बचाव कर टीम को मैच में बनाए रखा। इसके बावजूद लिवरपूल एक भी शॉट टारगेट पर नहीं लगा सका।दूसरे हाफ में भी मैच का रुख नहीं बदला। पीएसजी लगातार दूसरे गोल की तलाश में रहा। टीम को 65वें मिनट में सफलता मिली। जोआओ नेवेस के शानदार पास पर क्वारात्खेलिया ने आसान फिनिश करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया। लिवरपूल की डिफेंस पर लगातार दबाव बना रहा और पीएसजी को पेनल्टी मिलने की स्थिति भी बनी, लेकिन वीएआर के फैसलों ने इंग्लिश टीम को राहत दी। अशरफ हकीमी और डेम्बेले ने अंत में और मौके बनाए, लेकिन स्कोरलाइन में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस जीत के साथ पीएसजी ने पिछले सीजन की हार का बदला भी ले लिया है और अब वह दूसरे लेग के लिए एनफील्ड में 2-0 की मजबूत बढ़त के साथ उतरेगा।*

## एक रन से मैच जीतने के बाद शुभमन गिल को मिली बड़ी सजा, 12 लाख का लगा जुर्माना




नईदिल्ली,(आएरएनएस)। इंडियन प्रीमियर 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करना गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर भारी पड़ गया. मैच के बाद उनपर स्लो ओवर रेट की वजह से 12 लाख का जुर्माना ठोक दिया गया।

आईपीएल ने एक बयान जारी करके कहा, गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 14वें मैच के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी।

बयान में आगे कहा गया, चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था. जिसकी वजह से गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

इससे पहले, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर आईपीएल 2026 में धीमी ओवर-रेट के लिए दो बार जुर्माना लगाया जा चुका है. पहले 12 लाख और दूसरी बार 24 लाख का जुर्माना लगा।

गुजरात ने दिल्ली के सामने जीत के लिए 210 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था. जिसमें गिल, जोस बटलर और वॉशिंगटन सुंदर की तिकड़ी ने अर्धशतक लगा. जावब में दिल्ली की टीम 209 रन ही बना सकी. जिसमें केएल राहुल 92 रन बनाकर गलत समय पर आउट हो गए, जबकि मिलर 40 रन बनाकर नाबाद रहे।

## डेविड मिलर की एक गलती दिल्ली पर पड़ी भारी, गुजरात ने एक रन से जीता मैच

नईदिल्ली, (आएरएनएस)। इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के सबसे रोमांचक मैच में दिल्ली को एक रन से हार का सामना करना पड़ा. अरुण जेटली स्टेडियन में खेले गए मैच में गुजरात टाइटन्स ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 210 रन बनाए, जवाब में दिल्ली कैपिटल्स 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 209 रन ही बना सकी.दिल्ली को जीत के लिए आखिरी ओवर में 13 रनों की जरूरत थी. शुरू की 4 गेंदों पर ही मिलर ने एक छक्का, एक चौका और एक सिंगल लेकर 11 रन बना लिए थे. जहां से ये लगने लगा था की ये मैच दिल्ली अब नहीं हार सकती, आखिरी दो गेदों पर दो रनों की ही जरूरत थी, लेकिन पांचवी गेंद पर डेविड मिलर का कुलदीप यादव को सिंगल लेने से रोकना टीम पर भारी पड़ गया क्योंकि वो फिर आखिरी गेंद पर वो दो रन नहीं बना सके. प्रसिद्ध कृष्णा की स्लोवर बाउंसर को मिलर ने मिस कर दिया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेसियों ने भरी हुंकार, धरना देने के बाद कलेक्ट्रेट का किया घेराव

## सबसे ज्यादा मनमोहन सरकार ने खरीदी पर बढ़ाए थे रेट -गिरजाशंकर शर्मा
## सरकार वादे करके भूल जाती है, समर्थन मूल्य की खरीदी में बढती जा रही है तारीख पर तारीख-पुष्पराज पटेल



नर्मदापुरम (निप्र )। जिला कांग्रेस कमेटी एवं जिला किसान कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में गुरूवार को पीपल चौक पर जिले भर से आए कांग्रेसियों ने धरना देने के बाद कलेक्ट्रेट के गेट पर पहुंच कर घेराव किया। राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस नेताओं ने समर्थन मूल्य पर की जाने वाली खरीदी में लेट लतीफी, खाद की किल्लत सहित किसानों की विभिन्न समस्याओ को लेकर दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक जिला कांग्रेसध्यक्ष शिवा कांत पाण्डेय एवं किसान कांग्रेस अध्यक्ष विजय बाबू चौधरी के नेतृत्व में जोरदार प्रदर्शन किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार झूठे वादे करती है। समर्थन मूल्य की खरीदी की बात की जाए तो अटल जी की सरकार के समय कम रेट वढ़ाए गए थे और मनमोहन सरकार के समय में खरीदी के रेट सबसे ज्यादा बढ़ाए गए थे। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पुष्पराज पटेल ने कहा कि भाजपा सरकार चाह रही है कि मूंग की खरीदी न की जाए। लेकिन ऐसा नहीं होगा जब अंग्रेजों की नहीं चली तो इनकी कैंसें चलेगी। मुख्यमंत्री कह रहे हैं कि मूंग की जगह उड़द की बोवनी की जाए तो क्या किसान सरकार के कहने से बोवनी करेंगे। हमारे क्षेत्र में किस तरह की उपज होती है यह हम जानते है कि सरकार जैसा कहेगी वैसा किसान करेंगे। सरकार ध्यान रखे कि किसान मूंग की बोवनी कर रहे हैं। सरकार को खरीदनी ही होगी। सरकार का दायित्व है कि किसानों की समस्याओं का निदान करे। सिवनी मालवा से आए अजय सिंह का कहना है भाजपा सरकार किसानों के साथ छलावा कर रही है। जिले के किसानों को उसकी उपज के दाम के लिए परेशान होने के साथ ही समय पर खाद नहीं मिलता है। पिपरिया से आए वरिष्ठ कांग्रेसी वीरेंद्र वेलवंशी ने कहा कि चाहे केंद्र की हो या प्रदेश की भाजपा सरकार ने किसानों के साथ धौखे किए हैं। किसान नेता बनने वाले जिले के तथा प्रदेश के भाजपा नेताओं को किसानों की समस्या नहीं दिख रही है। केलू उपाध्याय ने कहा कि कांग्रेस किसानों के हित में पहले भी थी अब भी है।

सरकार किसानों के साथ अन्याय करेगी तो कांग्रेस सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष शिवाकांत पांडेय ने कहा कि वेयर हाउस में गड़बड़ी हो रही है। सोहागपुर क्षेत्र में सबसे ज्यादा गड़बडी पहले भी हुई है।अब भी हो रही है। पहले खरीदी में किलो से उपज मारी जाती थी उसके बाद बोरियों की चोरी होती थी। फिर ट्रक गायब होते रहे अब वेयर हाउस में से चोरियां हो रही हैं। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बाबू चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार के द्वारा किसानों की समस्याओं का निराकरण करने की बजाए किसानों को परेशान किया जा रहा है। अब ऐसा नहीं चलेगा। अभी यह चेतावनी है यदि किसानों की समसयाओं का हल नहीं किया जो आंदोलन और तेज किए जाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ किसान नेता चद्रगोपाल मलैया, संतोष तोमर, हेमंत चौधरी, रामगोपाल मलैया, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष मीना, ग्रामीण कांग्रेस क्षेत्र के अध्यक्ष अनुराग मलैया, संतोष मालवीय जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह पटेल अनोखी राजोरिया, अजय सैनी, टिल्लू डेरिया कुसुम तोमर, मधुसूदन यादव ओम सेन मोहन झलिया गज्जू तिवारी शिवमंगल सिंह, फैजान उल हक सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र तिवारी और आभार प्रदर्शन बाबू चौधरी ने किया। इस धरना प्रदर्शन में कई दिनों बाद बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल रहे।

# संस्कार भारती द्वारा नव संवत्सर के उपलक्ष्य में गैलेक्सी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में काव्य गोष्ठी की गई

- मधु ऋतु मधुरिम रुप बसंती मन महकाता है, माधुर्य मधुर मकरंद महक मादक बन जाता है
- पं गिरी मोहन गुरु ने छात्र- छात्राओं को बताया नव संवत्सर का महत्व



नर्मदापुरम (निप्र)। संस्कार भारती जिला इकाई नर्मदापुरम के अध्यक्ष हर्ष तिवारी के माग.दर्शन में नव संवत्सर के उपलक्ष्य में एक काव्य गोष्ठी गैलेक्सी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के सभागृह में साहित्यिक आयोजन की श्रंखला में आयोजित की गई । साहित्यिक काव्य गोष्ठी में नगर के वरिष्ठ साहित्यकार पं गिरिमोहन गुरु नगर श्री की अध्यक्षता बाबूलाल कदम के मुख्य आतिथ्य एवं प्रमोद वर्मा बाबई विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन हुई। इस साहित्यिक कविगोष्ठी में आमंत्रित साहित्यकारों को नव संवत्सर विषय पर कविता पाठ करने का आग्रह किया गया था। गोष्ठी में उपस्थित सभी कवियों ने इसी विषय पर अपनी मौलिक रचनाएं प्रस्तुत की । वरिष्ठ साहित्यकार एवं अखिल भारतीय साहित्य परिषद की संयोजक श्रीमती कीर्ति प्रदीप वर्मा एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष पं गिरी मोहन गुरु द्वारा उपस्थित सभी छात्र- छात्राओं को नव संवत्सर का महत्व एवं उसके सनातन प्राचीन इतिहास पर सारगर्भित प्रकाश डाला। कविगणों द्वारा माँ सरस्वती व मां भारती के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलन कर माल्यार्पण किया गया । मंचासीन अतिथियों का स्वागत परिषद के सदस्यों द्वारा किया गया। विद्यालय की छात्रा कु प्रियांशी यदुवंशी द्वारा मां सरस्वती की वंदना सुमधुर स्वर में प्रस्तुत कर गोष्ठी का शुभारंभ किया गया। नव गीतकार प्रदीप दुबे, गजेन्द्र सिंह गुरुदास ब्रजमोहन दुबे मनोज परसाई बाबूलाल कदम, श्रीमती कीर्ति प्रदीप वर्मा एवं पं गुरु नगर श्री द्वारा नव संवत्सर के आयोजन में अपनी मौलिक रचनाओं के माध्यम से अद्भुत समा बांधकर श्रोताओं की तालियां बटोरी । कार्यक्रम के संचालक चंद्र शेखर शर्मा द्वारा भी अपने स्व. पिता हरगोविंद शर्मा सलिल के काव्य संग्रह अभिज्ञा में प्रकाशित बसंत गीत .मधु ऋतु मधुरिम रूप बसंती मन महकाता है, माधुर्य मधुर मकरंद महक मादक बन जाता है। एवं पछुआई पवन शीर्षक नामक कविता का सस्वर पाठ कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में नगर श्री द्वारा परिषद के आयोजक मंडल के पदाधिकारियों का सम्मान दोहा. चौपाई विधा में स्वरचित शिव पुराण एवं नर्मदा पुराण काव्य संग्रह की कृतियां प्रदान कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में परिषद के अध्यक्ष हर्ष तिवारी द्वारा परिषद की संचालित गतिविधियों से अवगत कराते हुए वर्तमान परिवेश में सत्य सनातन धर्म के सर्वश्रेष्ठ पर्व त्यौहार नव संवत्सर मनाए जाने की उपादेयता पर अपने विचार उपस्थित श्रोताओं के समक्ष प्रस्तुत किए।

# नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने संयुक्त रूप से की जनसुनवाई

### महिला की पेंशन प्रकरण में जांच के दिए निर्देश, कालोनी में कचरा गाड़ी पहुंचाने की मांग




नर्मदापुरम (निप्र)। प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई में आज नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा संयुक्त रूप से सुनवाई की गई। आज जनसुनवाई में एक बुजुर्ग महिला द्वारा अपनी पेंशन बंद होने पर आवेदन दिया गया। जिस पर जांच के निर्देश दिए। इसके अलावा पेयजल संबंधी, नाली सफाई, नाली निर्माण, अतिक्रमण हटाने और कालोनी में कचरा गाड़ी पहुंचाने की मांग संबंधी आवेदन आए। जिनका समाधान किया गया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर जनसुनवाई की शुरूआत की गई है। उनके द्वारा संयुक्त रूप से जनसुनवाई करते हुए आमजन की अनेक समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया।

रजनी यादव द्वारा फेफरताल स्थित एक कालोनी में कचरा गाड़ी पहुंचाने संबंधी मांग पत्र दिया गया जिस पर तत्काल कार्रवाई की गई। नपाध्यक्ष एवं सीएमओ ने नपा के अधिकारी कर्मचारी को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति जनसुनवाई में आवेदन लेकर आता है उस पर तत्काल कार्रवाई कर उसकी जानकारी उपलब्ध कराएं। जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता सहित नपा के समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एचआर स्पोर्टस एरिना, (मल्टी टर्फ एंड कैफे) का शुभारंभ 12 को

नर्मदापुरम (निप्र )। नर्मदापुरम के युवाओं के खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से तैयार सर्वसुविधायुक्त एवं अत्याधुनिक खेल परिसर का श्रीगणेश 12 अप्रैल को सायं 7 बजे आशीर्वाद हॉस्पिटल के पीछे तुलसी धाम कॉलोनी नर्मदापुरम में होने जा रहा है। पूर्व पार्षद नंद किशोर यादन ने बताया कि इस एचआर स्पोर्टस ऐरिना मल्टी स्पोर्टस टर्फ एंड कैफे के शुभारंभ अवसर पर सभी खेल गतिविधियों में योगदान देने वाले खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि यह मांगलिक आयोजन में धर्माचार्य पं सोमेश परसाई, आध्यात्मिक गुरू सांई वल्लभदासजी के सानिध्य और मप्र शासन के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के मुख्यातिथ्य, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अध्यक्षता, राज्य सभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला के विशेष आतिथ्य व नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, और पूर्व जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष भरत सिंह राजपूत के आतिथ्य में किया जाएगा।

# प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का 16 अप्रैल को सिवनीमालवा में आगमन प्रस्तावित

## कलेक्टर एवं एसपी ने तैयारियों के संबंध में किया स्थल निरीक्षण
## अधिकारियों को व्यवस्थाओं के संबंध में दिए आवश्यक दिशा निर्देश



नर्मदापुरम (निप्र )। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आगामी 16 अप्रैल को नर्मदापुरम जिले की सिवनिमालवा तहसील में कार्यक्रम प्रस्तावित है। वे सिवनीमालवा में आयोजित होने वाली आमसभा के माध्यम से जनहितैषी विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। गुरुवार को कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने पूरे प्रशासनिक अमले के अधिकारियों के साथ सभा स्थल के लिए चिन्हित स्थल एवं हेलीपैड आदि का मौका निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कृषि उपज मंडी प्रांगण के सभा कक्ष में बैठक कर कार्यक्रम की संभावित रूपरेखा के अनुसार तैयारियों को समयबद्ध रूप से पूरा किए जाने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने ईई पीडब्ल्यूडी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए भोपाल से आने वाली टीम को स्थानीय सहयोग प्रदान करें। इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अन्य तकनीकी सहायता भी उन्हें उपलब्ध करवाई जाए। कलेक्टर ने मंच व्यवस्था के संबंध में एसडीएम सिवनी मालवा को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रोटोकॉल के अनुसार मंच पर बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि मुख्य कार्यक्रम स्थल पर की जाने वाली समस्त व्यवस्थाओं की सुरक्षा जांच कर संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा सुरक्षा प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएं। कार्यक्रम दिनांक पर बड़े जन समूह को दृष्टिगत रखते हुए सभी अधिकारी एकीकृत समन्वय प्रणाली के साथ जुड़े तथा किसी भी परिस्थिति पर त्वरित रूप से अपनी प्रतिक्रिया दर्ज करें। इसके अतिरिक्त उन्होंने कहा कि मुख्य कार्यक्रम स्थल एवं हेलीपैड पर पर्याप्त मात्रा में अग्निशमन यंत्रों को स्थापित किया जाए साथ ही मुख्य कार्यक्रम स्थल पर विभाजित प्रत्येक सेक्टर में भी पर्याप्त रूप से अग्निशमन यंत्र रखे जाएं तथा उनके परिचालन के लिए प्रशिक्षित कर्मचारियों को नियुक्त करें। उन्होंने कहा कि मुख्य सभा स्थल पर विद्युत व्यवस्था चाक चौबंद रहे साथ ही अपर कलेक्टर यह सुनिश्चित करें कि विद्युत विभाग द्वारा सुरक्षा प्रमाण किया जाए तथा उक्त संबंध में प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाए।इसके अतिरिक्त कलेक्टर ने यह निर्देश भी दिए की एसडीएम सिवनी मालवा द्वारा हेलीपैड से लेकर मुख्य कार्यक्रम स्थल तक मुख्यमंत्री डॉ यादव की आगमन एवं प्रस्थान के लिए रूट चार्ट तथा मिनट टू मिनट कार्यक्रम तैयार कर सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# संघ शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 23 को होगा डॉ हेडगेवार की जीवनी पर आधारित भव्य महानाट्य

नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में निकुम सोशल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा नर्मदापुरम में 23 अप्रैल को सायं 6 बजे नर्मदा महाविद्यालय के सभागार में एक भव्य महानाट्य का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के संबंध में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें महानाट्य के पोस्टर का विमोचन भी किया गया! कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक अभिषेक सैनी द्वारा महानाट्य के विषय में बताया गया कि इस महानाट्य का नाम डॉ हेडगेवार एक व्यक्ति एक विचार एक युग है, जिसका मंचन जन सेवा शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक संस्था भोपाल के कलाकारों द्वारा किया जाएगा और इस नाटक का लेखन निर्देशन गुलशन कुमार कावड़े द्वारा किया गया है। इस आयोजन का उद्देश्य नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से आमजन को डॉ केशवराव हेडगेवार के जीवन से निकटता से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है! कार्यक्रम के निर्देशक एवं महानाट्य के लेखक गुलशन कुमार कावड़े ने कहा कि डॉ हेडगेवार के जीवन पर आधारित नाटक का लेखक एवं निर्देशन करना मेरे लिए गर्व का विषय रहा! यह नाटक ऐतिहासिक घटनाओं का क्रम नहीं है बल्कि राष्ट्रभावना त्याग और संगठन निर्माण की प्रेरक गाथा है! निर्देशन की प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौती थी ऐतिहासिक तथ्यों की सत्यता को बनाए रखते हुए उन्हें मंचीय रूप में जीवंत करना! डॉ हेडगेवार जैसे महान व्यक्तित्व का अभिनय कराने के लिए अभिनेता में त्याग तपस्या और करिश्माई प्रभाव का संचार कराना कठिन कार्य था! नाटक में उनका जन्म बाल्यकाल शिक्षा क्रांतिकारी गतिविधियाँ कांग्रेस से मतभेद संघ की स्थापना और गांधी जी से भेंट इत्यादि सीमित समय में प्रस्तुत करना थी ! इनका चयन एवं संयोजन करते समय यह सुनिश्चित करना पड़ा कि दर्शकों तक स्पष्ट संदेश पहुंचे और भावनात्मक प्रवाह भी बना रहे! मंच सज्जा, प्रकाश योजना और संगीत का उपयोग करते हुए वातावरण निर्माण करने पर भी विशेष ध्यान दिया गया है! इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नर्मदापुरम विभाग प्रचार प्रमुख संतोष नौरिया ने बताया कि डा हेडगेवार ने साधारण से असाधारण बनने मार्ग दिखाया! उनके प्रयासों से हिंदू समाज संगठित हुआ और विभिन्न सेवा कार्यों के माध्यम से संघ का विस्तार देश.विदेश तक हुआ! यह आयोजन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष तथा राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष रूप से किया जा रहा है! इस अवसर पर जिला सहकार्यवाह योगेश पवार सुभाष बरेले, नगर प्रचार राजेंद्र गिरी गोस्वामी, नगर समरसता प्रमुख अविनाश राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी रामभरोस मीणा, शक्ति सिंह रघुवंशी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रबी विपणन 2026-27: जिले में गेहूं उपार्जन कार्य प्रारंभ, पहले दिन 201 क्विंटल की खरीद



नर्मदापुरम (निप्र) कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु मध्यप्रदेश शासन द्वार जारी गाइडलाइन के अनुरूप जिले में गेहूँ उपार्जन केन्द्रों की स्थापना की जाकर गुरुवार 09 अप्रैल 2026 से उपार्जन कार्य प्रारंभ किया गया। गुरुवार को तहसील बनखेडी अन्तर्गत उपार्जन केन्द्र सेवा सहकारी समिति देहलावाडा एवं डंगरआई पर कुल 66 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये जिनमें से 10 किसानों से 201 क्विंटल गेहूँ की मात्रा का उपार्जन किया गया है। जिले में आज दिनांक की स्थिति में कुल 5956 किसानों द्वारा स्लॉट बुक किये गये है। रबी विपणन 2026-27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु भुगतान आधार लिंक बैंक खाते में किया जाना है। इस हेतु समस्त कृषक भाईयों से अपील की गई है कि बैंक खाता आधार नंबर से लिंक कराने तथा NPCI से खाते को मेप कराये जिससे NPCI से सीधे खाते में भुगतान किया जा सकें।

## आज प्रातः 08 बजे से दोपहर 01 बजे तक रहेगी विद्युत प्रवाह बाधित

### 11 के.व्ही. ईदगाह फीडर का किया जाएगा मैन्टेनेंस

नर्मदापुरम (निप्र) शुक्रवार 10 अप्रेल को प्रात: 08 बजे से 01 बजे तक 11 के.व्ही. ईदगाह फीडर लाईन पर मैन्टेनेंस किया जाना है। किए जाने वाले कार्य की प्रवृत्ति को देखते हुए विद्युत बंद रहने के समयवाधि बढ़ाई जा सकती है। मेंटेनेंस के दौरान खोजनपुर,ईदगाह,बी. टी.आई. वान्या ढाबा के पीछे, ईदगाह बस्ती, परमश्री गार्डन के आस-पास का क्षेत्र आदि क्षेत्र की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगा।

# पोषण परखवाड़ा 2026: इटारसी परियोजना के आंगनवाड़ी केंद्रों में "माता एवं शिशु पोषण" विषय पर सामूहिक गतिविधियों का आयोजन



नर्मदापुरम (निप्र )। गुरुवार 09 अप्रैल 2026 से पोषण पखवाड़ा 2026 (09 से 23 अप्रैल 2026) के अंतर्गत परियोजना इटारसी के समस्त आंगनवाड़ी केंद्रों पर माता एवं शिशु पोषण थीम के तहत विभिन्न सामूहिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों में उपस्थित गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों की माताओं के साथ पोषण विषयक सामूहिक चर्चा (ग्रुप डिस्कशन) आयोजित की गई। चर्चा के माध्यम से प्रतिभागियों को संतुलित आहार, स्तनपान का महत्व, पूरक आहार की सही विधि, एनीमिया की रोकथाम, स्वच्छता एवं बच्चों के समुचित विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा लाभार्थियों को स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक आहार तैयार करने के तरीके बताए गए। साथ ही बच्चों के नियमित वजन मापन एवं स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा परिवार स्तर पर सकारात्मक पोषण व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।इस आयोजन में अर्चना बस्तवार, रेखा चौरे, मीना गाठले एवं प्रभारी परियोजना अधिकारी दीप्ति शुक्ला की उपस्थिति रही। इनके मार्गदर्शन में समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया गया।

## तवा नदी से लगे वन क्षेत्र में महुआ बीनने गए व्यक्ति का शव मिला

### वन विभाग द्वारा की जा रही जांच

नर्मदापुरम (निप्र) क्षेत्र संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व श्रीमती राखी नंदा ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम चनागढ़ निवासी सुदराम (पुत्र श्री हजारी), उम्र 45 वर्ष, दिनांक 8 अप्रैल 2026 को तवा नदी से लगे वन क्षेत्र में महुआ बीनने गए थे, जिसके बाद वे घर वापस नहीं लौटे। गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 को उनका शव वन क्षेत्र में प्राप्त हुआ है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार उन्हें किसी मांसाहारी जंगली प्राणी द्वारा मारे जाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची एवं आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। प्रकरण की विस्तृत जांच की जा रही है तथा सभी आवश्यक तथ्यों की जानकारी एकत्रित की जा रही है।


## कार्यालय कलेक्टर जिला नर्मदापुरम

क्रमांक/नाजरात/I/926156/2026/नर्मदापुरम, दिनांक 06-04-2026

//विज्ञप्ति//

**निविदा आमंत्रण सूचना**

जिला कार्यालय एवं अन्य अधिनस्थ शासकीय कार्यालय में कम्प्यूटर सामग्री क्रय एवं किराये पर लिये जाने संबंधी निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत विवरण वेबसाईट https:mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आईडी (जावक क्रमांक दिनांक) | सामग्री का नाम | निविदा प्रपत्र का मूल्य( राशि रू. में) | अमानत राशि रूपये में | कार्य की अनुमानित राशि रूपये में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | जिला कार्यालय एवं अन्य अधिनस्थ शासकीय कार्यालयों में कम्प्यूटर सामग्री क्रय एवं किराये पर लिये जाने संबंधी निविदा | 1000/- | 50,000/- | 500000/- |

निविदा का फार्म शर्ते दिनांक 07/04/2026 से दिनांक 29/04/2026 को दोपहर 2.00 बजे तक जिला कार्यालय (नाजरात शाखा) में कार्यालयीन समय में (अवकाश के दिन छोड़कर) उपस्थित होकर प्राप्त व जमा की जा सकेगी।

(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)

जी/11242/26

अपर कलेक्टर
जिला नर्मदापुरम

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा "शिवरानी भवन", क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com